दैनिक लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी






आप सभी को अमन लेखनी परिवार की तरफ से गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

वर्ष : 12 | अंक : 36 | लखनऊ, 28 जनवरी, बुधवार 2026 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 2.00 रुपए

# गोरखपुर से मुख्यमंत्री योगी ने विपक्ष पर साधा निशाना

## हमारा एक्शन, 'उनके' हमदर्दों को टेंशन!

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख/ अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार देर शाम गोरखपुर पहुंचे और गोरखनाथ मंदिर में रात्रिवास के बाद मंगलवार सुबह जनता दर्शन के दौरान नागरिकों से बातचीत की। उन्होंने धैर्यपूर्वक सबकी शिकायतें सुनीं, आवेदनों की सावधानीपूर्वक समीक्षा की और लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि चिंता न करें, हर समस्या का समाधान किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे प्रत्येक शिकायत को संवेदनशीलता से लें और उसका त्वरित, पारदर्शी और उच्च गुणवत्ता वाला समाधान सुनिश्चित करें।

गोरखपुर में रेल उपरिगामी सेतु एवं 4 लेन मार्ग पर फ्लाईओवर के लोकार्पण कार्यक्रम में योगी ने कहा कि इस फ्लाईओवर के निर्माण के बाद आपको अब ट्रैफिक जाम में नहीं फंसना पड़ेगा। यह एक नया उपहार है जो आपकी यात्राओं को सुगम और सरल बनाएगा–इसके लिए मैं आपको बधाई देता हूं। हम सभी को 2017 से डबल इंजन सरकार के सफर को याद रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश कैसा था? डर था, आतंक था, अशांति थी, अराजकता थी, बीमारी थी, दंगे थे। न बेटियां सुरक्षित थीं, न व्यापारी।

योगी ने विपक्ष पर वार करते हुए कहा कि ये कौन लोग थे जो जाति की राजनीति खेल रहे थे? उन्होंने जाति के नाम पर अपने ही परिवारों की बात की; उन्होंने राज्य के युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया। ये वही लोग थे जिन्होंने राज्य की जनता के सामने पहचान का संकट खड़ा कर दिया था। आज मैं कह सकता हूं कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अब समस्याएँ नहीं, समाधान हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश को दंगा मुक्त करने का कार्य किया, तो 'उनके' जितने भी 'हमदर्द' थे, वे सब परेशान हो उठे, क्योंकि उन सबकी आजीविका पर इसका बुरा असर पड़ा है। मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन में जनता दर्शन का आयोजन किया गया, जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगभग 200 लोगों की शिकायतें सुनीं। उन्होंने व्यक्तिगत रूप से कुर्सियों पर बैठे उपस्थित लोगों से संपर्क किया और प्रत्येक से उनके निवास स्थान और उनकी समस्या के बारे में पूछा। सभी की चिंताओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए, उन्होंने सभी को आश्वस्त किया कि चिंता का कोई कारण नहीं है और उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। आवेदन संबंधित अधिकारियों को सौंपते हुए, उन्होंने उन्हें समयबद्ध, संतोषजनक और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। भूमि अतिक्रमण से संबंधित मामलों में, मुख्यमंत्री ने सख्त कानूनी कार्रवाई का आदेश दिया।

# पश्चिम बंगाल: दक्षिण 24 परगना के गोदामों में भीषण आग, 8 लोगों की दर्दनाक मौत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले से एक हृदयविदारक घटना सामने आई है, जहाँ सोमवार को दो गोदामों में लगी भीषण आग ने कम से कम आठ लोगों की जान ले ली। यह हादसा कोलकाता के नरेन्द्रपुर थाना क्षेत्र के नजीराबाद इलाके में हुआ।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, नजीराबाद में स्थित दो गोदाम, जो एक-दूसरे के बिल्कुल बगल में थे, अचानक आग की लपटों में घिर गए। आग इतनी भीषण थी कि उस पर काबू पाने के लिए दमकल कर्मियों को लगभग सात घंटे की कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि तलाशी अभियान के दौरान करीब पांच बजे घटनास्थल से तीन शव बरामद किए गए और बाद में पांच अन्य शवों को ढूंढ निकाला गया।

बारुईपुर जिले के पुलिस अधीक्षक शुभेंदु कुमार ने बताया कि शव बुरी तरह झुलसे होने के कारण अभी मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा कि मलबा पूरी तरह से साफ होने के बाद ही पता चल पाएगा कि संबंधित स्थल पर कोई और शव तो नहीं है या मलबे में कोई व्यक्ति फंसा तो नहीं है। पुलिस ने बताया कि शुरूआत में छह लोगों के लापता होने की सूचना मिली थी लेकिन फंसे हुए लोगों के परिवारों के मुताबिक यह संख्या 10 से अधिक हो सकती है क्योंकि पास के गोदामों में साज सज्जा का काम करने वाली एक कंपनी और मोमो बेचने वाली एक कंपनी के मजदूर काम करते थे। अग्निशमन सेवा मंत्री सुजीत बोस ने बताया कि बचाव अभियान जारी है। बोस ने दो इकाइयों के प्रबंधन द्वारा अपनाए जा रहे अग्नि सुरक्षा नियमों के बारे में पूछे जाने पर कहा, वर्ष में दो बार अग्नि सुरक्षा ऑडिट किया जाता है और हर खामी को दूर किया जाता है, फिर भी मालिकों व कंपनी के अधिकारियों का यह कर्तव्य है कि वे अग्नि सुरक्षा मानकों का पूर्ण रूप से पालन सुनिश्चित करें। जैसे ही शाम ढलने लगी, मृतकों और लापता व्यक्तियों के कई रिश्तेदार घटनास्थल पर जमा हो गए और अग्निशमन सेवा एवं पुलिस अधिकारियों से स्थिति की जानकारी लेने लगे।

तन्मय गिरि नाम के एक व्यक्ति ने बताया, पूर्वी मेदिनीपुर के तमलुक के रहने वाले मेरे चाचा गोदाम के अंदर बने छोटे कमरों में रह रहे थे। वे एक कंपनी में काम करते थे। उन्होंने आखिरी बार रात करीब एक बजे फोन किया था और अब उनका फोन बंद है। उसने कहा कि वह सुबह नौ बजे से उनका फोन आने का इंतजार कर रहा है। एक अन्य युवक ने बताया कि उसके पिता मोमो बनाने की एक इकाई में रात्रि पाली में काम के लिये आए थे और तब से उनसे कोई संपर्क नहीं हो पाया है। मृत या लापता सभी लोग पूर्वी मेदिनीपुर, पश्चिम मेदिनीपुर और दक्षिण 24 परगना जिलों के निवासी हैं। घटनास्थल का दौरा करने वाले बिजली मंत्री अरूप बिस्वास ने इन दावों के बीच पत्रकारों से कहा कि घना धुआं छंटने के बाद ही यह पुष्टि की जा सकेगी कि कोई अंदर फंसा हुआ है या नहीं। उन्होंने कहा, कोलकाता नगर निगम की टीम को दीवारों को तोड़ने और धुआं बाहर निकालने के लिए बुलाया गया है। बिस्वास ने कहा कि जब दमकलकर्मी और पुलिसकर्मी गोदाम में प्रवेश कर सकेंगे, तभी यह पुष्टि हो पाएगी कि अंदर कोई फंसा हुआ है या नहीं। अधिकारी ने बताया कि देर रात तीन बजे आग लगने की सूचना मिली और इसे दमकल की 12 गाड़ियों की मदद से बुझाया गया।

आग पर सुबह करीब 10 बजे काबू पा लिया गया। उन्होंने कहा कि आग लगने का कारण अभी पता नहीं चला है और इससे हुए नुकसान का आकलन भी अभी नहीं हुआ है।

विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने तृणमूल कांग्रेस सरकार पर इतनी भीषण आग के दौरान आपदा प्रबंधन में असंवेदनशीलता और समन्वय की कमी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, मंत्री और वरिष्ठ सरकारी एवं पुलिस अधिकारी गणतंत्र दिवस की छुट्टी मना रहे हैं और गरीबों की उन्हें कोई चिंता नहीं है। यह सरकार जितनी जल्दी जाए, उतना ही अच्छा है। बिस्वास ने अधिकारी की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, यह घटना पर राजनीति करने का समय नहीं है।

## मौसम

अधिकतम तापमान 42.c

न्यूनतम तापमान 29.c

## बाजार

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 82,530.74

निफटी 25,062.10

# जबरन वसूली मामले में गैंगस्टर गोल्डी बराड़ के माता-पिता गिरफ्तार

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

पंजाब, विदेश में रहने वाले गैंगस्टर गोल्डी बराड़ के माता-पिता को 2024 के जबरन वसूली मामले में पंजाब के मुक्तसर जिले से सोमवार को गिरफ्तार किया गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। मुक्तसर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु राणा ने बताया कि बराड़ के पिता शमशेर सिंह और माता प्रीतपाल कौर को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि मुक्तसर के आदेश नगर में उनका एक घर है। यह परिवार मूल रूप से फरीदकोट जिले का निवासी है। मुक्तसर के एक निवासी की शिकायत पर 2024 में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। गोल्डी बराड़ 2022 में पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या के मुख्य आरोपियों में से एक है। बराड़ ने मूसेवाला की हत्या की जिम्मेदारी ली थी।

## कौन है गोल्डी बराड़?

गोल्डी बराड़ वर्तमान में विदेश में छिपा हुआ है और भारतीय सुरक्षा एजेंसियों के लिए एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। वहः प्रसिद्ध पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की 2022 में हुई हत्या का मुख्य मास्टरमाइंड और आरोपी है। मूसेवाला की हत्या के तुरंत बाद बराड़ ने सोशल मीडिया पर इसकी पूरी जिम्मेदारी ली थी। उसे भारत सरकार द्वारा आतंकवादी भी घोषित किया जा चुका है।

# श्रीनगर में भारी बर्फबारी! विजिबिलिटी कम होने से कई उड़ानें रद्द, यात्रियों की बढ़ी मुश्किलें

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

श्रीनगर, कश्मीर घाटी में हो रही ताजा बर्फबारी के कारण हवाई यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ है। श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दृश्यता कम होने और रनवे पर बर्फ जमा होने के कारण कई उड़ानों को रद्द कर दिया गया है। हवाई अड्डा प्रशासन ने बताया कि रनवे से बर्फ हटाने का काम जारी है, लेकिन लगातार हो रही बर्फबारी के कारण इसमें बाधा आ रही है। यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे अपने घर से निकलने से पहले संबंधित एयरलाइंस से उड़ान की स्थिति की जांच जरूर कर लें।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के एक अधिकारी ने कहा, श्रीनगर हवाई अड्डे पर प्रतिकूल मौसम की स्थिति और लगातार बर्फबारी को देखते हुए एयरलाइंस ने आज कुछ उड़ानें रद्द कर दी हैं। अब तक कुल 16 उड़ानें रद्द हो चुकी हैं, जिनमें आठ यहां आने वाली और आठ यहां से प्रस्थान करने वाली उड़ानें शामिल हैं। अधिकारी ने बताया, यात्रियों को नवीनतम जानकारी और वैकल्पिक व्यवस्थाओं के लिए अपनी-अपनी एयरलाइन के संपर्क में रहने की सलाह दी गई है। उड़ानों के रद्द होने से सैकड़ों पर्यटक कश्मीर में फंस गए हैं, जो सप्ताहांत और गणतंत्र दिवस की छुट्टियां घाटी में बिताने के बाद लौटने वाले थे।

## मौसम विभाग का अनुमान

मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों तक घाटी में इसी तरह की स्थिति बने रहने की संभावना जताई है। ऐसे में हवाई सेवाओं के साथ-साथ श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर भी यातायात बाधित होने की आशंका है।

# महाराष्ट्र का महा-कीर्तिमान: 2 करोड़ छात्रों ने एक साथ देशभक्ति गीत गाकर रचा विश्व रिकॉर्ड

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, महाराष्ट्र के एक लाख स्कूलों के दो करोड़ से अधिक विद्यार्थियों ने राष्ट्र प्रथम पहल के तहत, गणतंत्र दिवस पर एक साथ देशभक्ति गीत गाकर विश्व रिकॉर्ड बनाया। राज्य के स्कूल शिक्षा मंत्री दादा भुसे ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स ने इस पहल को आधिकारिक तौर पर दर्ज कर लिया है जिससे यह विश्व रिकॉर्ड बन गया है।





































## संक्षेप

### किशोर लापता, परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के तेलीबाग पुलिस चौकी अंतर्गत आंबेडकर पुरम का रहने वाला 17 वर्ष का किशोर लापता हो गया, जब खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चला तो पीड़ित परिवार ने पीजीआई कोतवाली पुलिस को तहरीर दी पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है। राम चन्द्र भट्ट, 589-ख/831-अम्बेडकर पुरम, रामभरोसे स्कूल के पीछे, तेलीबाग लखनऊ में परिवार संग रहते हैं। उन्होंने ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनका पौत्र कार्तिक भट्ट (उर्फ कूल)-17 वर्ष बीती 25 जनवरी शाम 8.30 बजे से घर से बिना बताये कहीं चला गया। काफी खोजबीन करने के बाद भी उसका कोई भी पता नही चल सका है। पीड़ित का कहना है कि कार्तिक अभी नाबालिक है अतः उसके साथ किसी भी प्रकार की अनहोनी की आंशका से इन्कार नही किया जा सकता है। पीड़ित ने पीजीआई कोतवाली पुलिस से किशोर को शीघ्र ढूंढने की गुहार लगाई है।

### ज्वैलर्श की दुकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए के आभूषण चोरी, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के चरण भट्ठा रोड स्थित एक ज्वैलरी की दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात बदमाशों ने लाखों रुपए कीमत के जेवरात चोरी कर लिया, जानकारी होने पर पीड़ित ने पीजीआई कोतवाली पुलिस को तहरीर दी पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है। अंकित पाल, चरन भट्टा रोड, नरसिंह मन्दिर के पास, पीजीआई लखनऊ में परिवार संग रहते हैं। इनकी दुकान चरन भट्टा रोड पर स्थित है। पीड़ित ने पीजीआई कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि बीती 26 जनवरी की रात करीब 3 बजे अज्ञात चोरों द्वारा दुकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए कीमत के जेवरात चुरा ले गए। पुलिस मुकदमा दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे से सुराग तलाश कर रही है।

# यूजीसी के नए नियमों के खिलाफ सड़कों पर उतरी करणी सेना, परिवर्तन चौक पर जोरदार प्रदर्शन

## शिक्षा संस्थानों में भेदभाव बढ़ाने का आरोप, यूजीसी नियमों के खिलाफ करणी सेना सड़क पर

अमन लेखनी समाचार/ रुद्र प्रताप सिंह

लखनऊ। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा लागू किए गए नए नियमों के विरोध में प्रदेश की सियासत और शैक्षणिक माहौल गमार्ता जा रहा है। सामान्य वर्ग के संगठनों के साथ अब छात्र संगठन भी खुलकर विरोध में उतर आए हैं। विरोध करने वालों का आरोप है कि नए नियम उच्च शिक्षा संस्थानों में जातिगत विभाजन को बढ़ावा देंगे और कॉलेज-यूनिवर्सिटी का शैक्षणिक वातावरण प्रभावित होगा। इसी क्रम में मंगलवार को श्री राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह दीपू के नेतृत्व में हजारों करणी सैनिकों ने राजधानी लखनऊ के हजरतगंज स्थित परिवर्तन चौक पर जोरदार प्रदर्शन किया।



प्रदर्शनकारियों ने परिवर्तन चौक से पैदल मार्च निकालते हुए यूजीसी के नए एक्ट को काला कानून करार दिया और इसे तत्काल वापस लेने की मांग की। इस दौरान केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई और नियमों में संशोधन की मांग उठाई गई।

करणी सेना की ओर से प्रधानमंत्री को संबोधित मांग पत्र में कहा गया कि यूजीसी द्वारा लागू किया गया नया एक्ट सामान्य वर्ग के हितों के प्रतिकूल है। संगठन का आरोप है कि इस कानून से सामान्य वर्ग में आक्रोश बढ़ रहा है, जिससे सामाजिक सौहार्द और शांति व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। साथ ही अपराधों में वृद्धि की भी आशंका जताई गई है। मांग पत्र में प्रधानमंत्री से सवर्ण समाज के हितों की रक्षा करते हुए यूजीसी एक्ट को वापस लेने अथवा उसमें आवश्यक संशोधन कर राहत देने की अपील की गई।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह दीपू ने कहा कि नए नियमों के चलते सामान्य वर्ग के छात्रों को स्वाभाविक अपराधी की दृष्टि से देखा जा रहा है, जो पूरी तरह अनुचित और अन्यायपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इससे शिक्षा संस्थानों में आपसी भाईचारा कमजोर होगा और अराजक स्थिति उत्पन्न होने की आशंका है।

इस प्रदर्शन में प्रदेश संगठन मंत्री विकास सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह परिहार, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष विनीत सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट दुर्गेश सिंह, जिलाध्यक्ष अधिवक्ता सभा लखनऊ एडवोकेट अवधेश प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष संदीप सिंह, जिलाध्यक्ष युवा अमर सिंह, मंडल उपाध्यक्ष पुष्पराज सिंह, मुरारी सिंह, रवि सिंह, अप्पू पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

गौरतलब है कि यूजीसी ने 13 जनवरी 2026 को प्रमोशन ऑफ इक्विटी इन हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशंस रेगुलेशंस, 2026 को अधिसूचित किया है। इसके तहत कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में जाति आधारित भेदभाव रोकने के लिए विशेष समितियों, हेल्पलाइन और मॉनिटरिंग टीमों के गठन का प्रावधान किया गया है, जो विशेष रूप से एससी, एसटी और ओबीसी छात्रों की शिकायतों की निगरानी करेंगी। सरकार का दावा है कि यह कदम उच्च शिक्षा में निष्पक्षता और जवाबदेही सुनिश्चित करेगा, जबकि जनरल कैटेगरी के छात्र और संगठन इसे अपने खिलाफ भेदभावपूर्ण बता रहे हैं। प्रदेशभर में इसी को लेकर विरोध प्रदर्शन लगातार तेज होते जा रहे हैं।

# 26 जनवरी के दिन गमगीन रहा घुसकर गांव का माहौल

अमन लेखनी समाचार

गोसाईगंज। क्षेत्र के गांव घुसकर का माहौल 26 जनवरी के दिन गमगीन रहा। इस दिन यहां के निवासी भाजपा के मंडल महा मंत्री डी डी त्रिपाठी की 83 वर्षीय पूज्य माता सुशीला त्रिपाठी का तेरहवीं संस्कार संपन्न हुआ। वे पूर्व हेड मास्टर राम शंखर त्रिपाठी की पत्नी थी। कार्यक्रम में पहुंचे सभी लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए स्वर्गीय सुशीला त्रिपाठी के चित्र पर पुष्पर्पण किया। इस मौके पर पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर, जिला पंचायत सदस्य अमरेंद्र भारद्वाज , अशोक तिवारी , नवनिर्वाचित प्रधान भसडा ललित शुक्ला, नागेश्वर द्विवेदी, वरिष्ठ नेता भाजपा राजकुमार सिंह चौहान, भाजपा वरिष्ठ नेता शंभू नाथ पांडे, विधानसभा संयोजक राजकुमार पांडे, पूर्व जिला महामंत्री वीरेंद्र वर्मा, सघ जिला संचालक सत्यम मोहन गुप्ता, हिंदू जागरण अवनीश वर्मा, खंड कारवां गोसाईगंज मुकेश द्विवेदी, वरिष्ठ पत्रकार अनुपम मिश्रा, पत्रकार अर्जुन तिवारी, अनिल द्विवेदी बरौना नरपतगंज अमेठी मंडल अध्यक्ष पंकज नयन, नागेश वर्मा पतंजलि पीठ संस्थापक गंगागंज, कमल शुक्ला ए डी ओ पंचायत गोसाईगंज, राजीव दीक्षित पत्रकार ,ज्ञानी मिश्रा वरिष्ठ भाजपा नेता मोहनलालगंज, इंस्पेक्टर विजय त्रिपाठी, इंस्पेक्टर दिनेश सिंह, डीके सिंह, अंकुर अवस्थी पूर्व जिला प्रचारक बीरमपुर, अनिल त्रिपाठी व अन्य लोग मौजूद रहा।

# गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या व गणतंत्र दिवस पर निकाली गई तिरंगा यात्रा

### भक्ति गीतों के साथ वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारो की रही गूंज


अमन लेखनी समाचार

गोसाईगंज। गणतंत्र दिवस के अवसर पर गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या व गणतंत्र दिवस को सुशान्त गोल्फ सिटी व गोसाईगंज क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर तिरंगा यात्रा निकाली गई तथा ध्वजारोहण किया गया। पूर्व संध्या पर रविवार को सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में हसनपुर खेवली गांव से पूर्व प्रधान सूरज प्रधान के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें देश भक्ति के गीतों के साथ बंदे मातरम व भारत माता की जय के नारों से गूंज सुनाई दी। यात्रा में काफी संख्या में लोग अपने अपने हाथों में तिरंगा ध्वज लेकर शामिल हुए। यात्रा की शुरूआत खुर्दही से की गई जबकि समापन गोसाईगंज में पटेल पार्क में किया गया। यात्रा में आनोद कुमार दिनेश पाल विनोद कुमार राकेश प्रधान प्रिंस तिवारी सहित सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। वहीं गणतंत्र दिवस पर सोमवार को 10वीं तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। यात्रा की शुरूआत खुर्दही बाजार से की गई जो सुलतानपुर रोड होते हुए गोसाईगंज व अमेठी तक गई। इस यात्रा आयोजकों ने बताया कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य देशभक्ति एकता और राष्ट्रप्रेम की भावना को मजबूत करना है। यात्रा में आमिर राईन अंशुल निगम अनुपम सिंह रुद्र सिंह निखिल मिश्रा, इरफान अब्बासी मोनू वर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### विभिन्न स्थानों पर किया गया ध्वजारोहण

सोमवार को गणतंत्र दिवस के अवसर पर क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर ध्वजारोहण किया गया। सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र के अहिमामऊ में स्थित भारतीय किसान यूनियन के कार्यलय पर राकेश प्रधान के द्वारा झंडारोहण का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष हरिनाम वर्मा शामिल हुए। वहीं प्राथमिक विद्यालय सरसवां तथा खुर्दही में स्थित मेड फेयर हॉस्पिटल गोसाईगंज क्षेत्र के अमेठी में स्थित सरस्वती शिशु मंदिर शफी इंटरनेशनल स्कूल सहित अन्य विभिन्न स्कूलों व प्रतिष्ठानों में ध्वजारोहण कर गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रेम किशोर अरविंद शर्मा ब्रजेश यादव राम समुझ रावत जाकिर अली मो शफी उदयभान सन्तोष शर्मा इरफान अब्बासी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के तेलीबाग में असामाजिक तत्वों ने तख्त और तिरपाल फूंका



अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। तेलीबाग पुलिस चौकी अंतर्गत रविवार देर रात असामाजिक तत्वों ने फुटपाथ पर चलने वाली एक दुकान में आग लगा दी, जिससे दो तख्त जलकर राख हो गए। 500मीटर दूर स्थित पुलिस चौकी को भी इस अग्निकांड की भनक नहीं लगी। बड़ी लालकुर्ती के रहने वाले भुर्री ने बताया कि यहां नारियल पानी की दुकान चलती है, वह इस दुकान में काम करता है, और रात को यहीं पर सो जाता है। रविवार शाम काम खत्म होने पर वह खाना खाने लाल कुर्ती चला गया था। वहां से लौटने में देर हो गई। यहां आया तो देखा किसी ने आग लगा दी है। पीड़ित का कहना था कि वह सामने के सभी दुकानों और घरों में गुहार लगाई और पानी देने को कहा लेकिन कोई मदद को आगे नहीं आया। और न किसी फायर स्टेशन को ही सूचित किया। और न कोई पुलिस कर्मी इस तरफ गस्त पर आया। जिससे आप अंदाजा लगा सकते हैं कि गणतंत्र दिवस की पूर्व रात में विधान सभा भवन से मात्र 9 किलोमीटर की दूरी पर वैधानिक संस्थाएं कितनी सतर्क हैं। गनीमत रही कि किसी तरह के जानमाल का नुकसान नहीं हुआ। जब कि एक वैगनआर कार पास में ही खड़ी थी।

# यूजीसी के 'काले अधिनियम' के विरोध में लखनऊ में युवा कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। संविधान द्वारा प्रदत्त समान अधिकार, सम्मान और अवसर की गारंटी के बीच केंद्र सरकार द्वारा लाए गए यूजीसी संशोधन (यूजीसी अमेंडमेंट) को लेकर युवाओं और छात्रों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। इसी के साथ प्रयागराज में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और संत समाज के साथ हुई कथित अपमानजनक घटना ने भी राजनीतिक और सामाजिक हलकों में तीखी प्रतिक्रिया पैदा कर दी है। इन दोनों मुद्दों के विरोध में उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस ने राजधानी लखनऊ में भाजपा प्रदेश कार्यालय का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अंकित तिवारी के नेतृत्व में हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता शामिल रहे। प्रदर्शनकारियों ने भाजपा की छात्र-विरोधी नीतियों और संविधान के मूल्यों के कथित उल्लंघन के खिलाफ नारेबाजी की।



इस दौरान पुलिस ने कई युवा कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकताओं को हिरासत में लिया, बावजूद इसके प्रदर्शन शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक बना रहा। प्रदेश अध्यक्ष अंकित तिवारी ने कहा कि यूजीसी का नया अधिनियम छात्रों की शिक्षा और भविष्य के लिए घातक साबित होगा। यह कानून शिक्षा व्यवस्था को कमजोर करने के साथ-साथ युवाओं के अवसरों को सीमित करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार असहमति की आवाजों को दबाने का प्रयास कर रही है, लेकिन युवा कांग्रेस संविधान की मयार्दा में रहकर अपनी बात मजबूती से उठाती रहेगी। अंकित तिवारी ने प्रयागराज की घटना पर भी कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और संत समाज के साथ हुआ व्यवहार न केवल निंदनीय है, बल्कि यह देश की धार्मिक आस्था और परंपराओं का अपमान है। प्रशासन द्वारा शंकराचार्य होने का प्रमाण मांगा जाना मयार्दा के विरुद्ध है। उन्होंने युवाओं और छात्रों से आह्वान किया कि वे जागरूक होकर एकजुट हों और संविधानिक व सकारात्मक तरीके से अपने अधिकारों की रक्षा के लिए आगे आएं।

# तिरंगे की आन-बान-शान के साथ सरोजनीनगर में राष्ट्रप्रेम का महासंगम

## विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की तिरंगा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

### सरोजनीनगर में गूंजा राष्ट्र प्रथम का उद्घोष

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। हाथों में तिरंगा, दिलों में राष्ट्रप्रेम और सड़कों पर उमड़ा जनसैलाब, 77वें गणतंत्र दिवस पर सरोजनीनगर राष्ट्रभक्ति के विराट उत्सव में परिवर्तित हो उठा, जब डॉ. राजेश्वर सिंह के नेतृत्व में सरोजनीनगर भव्य तिरंगा यात्रा ने पूरे क्षेत्र को तिरंगे के रंग में रंग दिया। हजारों बाइक और कारों पर लहराते राष्ट्रीय ध्वज, देशभक्ति गीतों पर थिरकते उत्साही युवा और नागरिक, खुली जिप्सी में हाथों में तिरंगा थामे, जन-जन का अभिवादन करते हुए विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह, सरोजनीनगर का यह दृश्य, राष्ट्र के प्रति समर्पण का चलता-फिरता उद्घोष बन गया। छठ पूजा स्थल, सैनिक



स्कूल ग्राउंड, नवीन गौरी से प्रारंभ होकर कानपुर रोड, स्कूटर इंडिया चौराहे से यू टर्न लेते हुए एयरपोर्ट तक, विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के नेतृत्व में पहुँची यह तिरंगा यात्रा, तिरंगे की आन, बान और शान को समर्पित जनभावनाओं की अभिव्यक्ति थी, जिसने सम्पूर्ण सरोजनीनगर को देशभक्ति के जयघोषों से गुंजायमान कर दिया। इस भव्य तिरंगा यात्रा से पूर्व विधायक ने उत्तर प्रदेश जनहित व्यापार मंडल द्वारा छठ पूजा स्थल, सैनिक स्कूल ग्राउंड, नवीन गौरी में आयोजित झंडारोहण कार्यक्रम एवं सरोजनीनगर भव्य तिरंगा यात्रा में विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने सहभागिता करते हुए तिरंगे को सम्मानपूर्वक आकाश की ओर आरोहित किया। विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि आज देश को बाहरी और आंतरिक दोनों प्रकार की चुनौतियों से सतर्क रहना होगा। सीमाओं के पार सक्रिय शत्रु शक्तियों और समाज को जाति, क्षेत्र व संप्रदाय में बांटने वाली विचारधाराओं के विरुद्ध एकजुट होकर खड़े होने का यही समय है। उन्होंने कहा कि, 'राष्ट्र प्रथम की भावना ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। जितना मजबूत भारत आज हम बनाएंगे, उतना ही सुरक्षित और समृद्ध भारत हम आने वाली पीढ़ियों को सौंप पाएंगे।' इस अवसर पर विधायक द्वारा देश के नेतृत्व में नरेंद्र मोदी तथा प्रदेश के नेतृत्व में योगी आदित्यनाथ द्वारा राष्ट्र प्रथम की विचारधारा को आगे बढ़ाने का उल्लेख करते हुए उनके मार्गदर्शन में कार्य करने का संकल्प दोहराया गया।

# देशभक्ति के रंग में सराबोर हुआ लखनऊ पब्लिक स्कूल

## सभी दस शाखाओं में गणतंत्र दिवस का हुआ भव्य आयोजन

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने छात्रों में भरा जोश

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, । लखनऊ पब्लिक स्कूल (सी.पी. सिंह फाउंडेशन) की सभी दस शाखाओं में भारत का 77वां गणतंत्र दिवस अत्यंत गर्व और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूरा वातावरण देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। लखनऊ स्थित साउथ सिटी, एल्डिको, सेक्टर-आई, सेक्टर-डी, अंसल और जानकीपुरम शाखा में संबंधित प्रधानाचार्यों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। राष्ट्रगान और अनुशासित परेड के साथ शुरू हुए इन कार्यक्रमों में छात्रों ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से देश की समृद्ध विरासत का प्रदर्शन किया। साउथ सिटी शाखा में स्वतंत्रता संग्राम के नायकों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यहाँ नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन और आदर्शों




पर आधारित एक प्रभावशाली नाटक प्रस्तुत किया गया। साथ ही छात्रों द्वारा सामूहिक नृत्य और संगीत शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीतों ने दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं, सेक्टर-आई, आशियाना शाखा में आजादी से संविधान तक' नामक नाटक के जरिए देश के संघर्षपूर्ण सफर को दिखाया गया। साथ ही, जनजातीय नृत्य के माध्यम से देश की सांस्कृतिक विविधता पेश की गई। सेक्टर-डी शाखा में एनसीसी कैडेटों की गरिमापूर्ण परेड आकर्षण का मुख्य केंद्र रही, जिसने सभी में अनुशासन और राष्ट्रप्रेम का संचार किया। एल्डिको शाखा में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने 'एक्शन सॉन्ग' और 'विकसित भारत' थीम पर आधारित नृत्य के जरिए भविष्य के भारत की तस्वीर पेश की। जानकीपुरम शाखा में विद्यालय के छात्रों ने एक विशेष लघु नाटिका के माध्यम से सुबह की सभा में ली जाने वाली 'प्रतिज्ञा' के महत्व और उसे दैनिक जीवन में उतारने की सीख दी। अंसल शाखा में भी ध्वजारोहण के उपरांत उच्च स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने राष्ट्रवाद से ओत-प्रोत कई प्रस्तुतियां दीं। इनके अलावा रायबरेली और उन्नाव जिले में स्थित स्कूल की शाखाओं में भी गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण के बाद छात्रों ने देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

# श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन पांडव चरित्र पर प्रवचन, श्रद्धालु हुए भाव-विभोर

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मलिहाबाद क्षेत्र की ग्राम पंचायत मवई कला में श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन का शुभारंभ 26 जनवरी से हुआ है, जो आगामी 1 फरवरी तक निरंतर चलेगा। कथा का आयोजन जगन्नाथ पाल के तत्वावधान में कराया जा रहा है, जिसमें आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में श्रद्धा और उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं। श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन कथावाचक कौशल जी महाराज ने पांडवों के चरित्र पर विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने अपने प्रवचन में धर्म, सत्य, त्याग और भाईचारे के महत्व को सरल शब्दों में समझाया। कथावाचक ने बताया कि पांडवों का



जीवन संघर्षों से भरा रहा, लेकिन उन्होंने सदैव धर्म का मार्ग नहीं छोड़ा। विपरीत परिस्थितियों में भी संयम, धैर्य और आस्था के बल पर उन्होंने सत्य की विजय सुनिश्चित की। कथा के दौरान कौशल जी महाराज के मधुर वाणी और प्रेरक प्रसंगों से श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। पांडवों के आदर्शों को आत्मसात करने का संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि आज के समय में भी उनके जीवन से हमें ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और सामाजिक सद्भाव की प्रेरणा मिलती है। कथा स्थल पर भजन-कीर्तन और जयकारों का माहौल बना रहा। आयोजन में ग्रामवासियों का सहयोग सराहनीय रहा और बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष एवं युवा श्रद्धालु उपस्थित रहे। श्रीमद् भागवत कथा के शेष दिनों में भी विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा।

# ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता: जिन्दौर ने कहला को हराकर जीती ट्रॉफी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रोमांचक खेल और शानदार प्रदर्शन के साथ संपन्न हुआ। फाइनल में जिन्दौर की टीम ने कहला गांव की टीम को 67 रनों से पराजित कर प्रतियोगिता की ट्रॉफी अपने नाम कर ली।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए जिन्दौर की टीम ने निर्धारित 12 ओवरों में 176 रनों का विशाल लक्ष्य खड़ा किया। टीम की ओर से ओपनर मुदस्सिर ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 43 रन बनाए, जबकि रईस ने 33 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। इसके अलावा रानू ने 26 और मुजम्मिल ने 16 रनों का योगदान देकर टीम के स्कोर को मजबूती प्रदान की।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी कहला गांव की टीम जिन्दौर के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी और पूरी टीम 109 रनों पर सिमट गई। जिन्दौर की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए अरबाज ने तीन विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच का खिताब अपने नाम किया। दानिश ने भी तीन विकेट चटकाए, जबकि रईस और मुजम्मिल ने एक-एक विकेट लिया।

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए रईस को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। समापन अवसर पर इंस्पेक्टर रहीमाबाद अरुण कुमार और मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र कुमार भाटी ने खिलाड़ियों को ट्रॉफी व पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित इस प्रतियोगिता ने युवाओं में खेल भावना और आपसी भाईचारे को मजबूत किया।

# देशभक्ति के माहौल में बाबा नीम करौली इंटरप्राइजेज में फहराया तिरंगा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर बाबा नीम करौली इंटरप्राइजेज परिसर में पूरे हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल में ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत तिरंगे के सम्मान के साथ ध्वजारोहण से हुई, जिसके बाद उपस्थित सभी लोगों ने राष्ट्रगान गाकर देश के प्रति अपनी निष्ठा और समर्पण व्यक्त किया। इस अवसर पर समीर सिंह, सरवन कन्नौजिया, अनुराग चौरसिया, अमन प्रताप सिंह, शुभम, राजभान यादव, गोविंद मौर्य, ज्ञानेंद्र सिंह सहित कई गणमान्य लोग एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने एक-दूसरे को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए



संविधान की महत्ता और उसके मूल्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि भारतीय संविधान हमें समानता, स्वतंत्रता और भाईचारे का अधिकार देता है, जिसकी रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान करते हुए ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। ध्वजारोहण कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित लोगों ने मिष्ठान वितरण कर खुशियां साझा कीं। पूरा वातावरण देशभक्ति के नारों और उत्साह से सराबोर रहा। बाबा नीम करौली इंटरप्राइजेज द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम सभी के लिए प्रेरणादायक रहा, जिसमें राष्ट्रीय एकता और संविधान के प्रति सम्मान की भावना स्पष्ट रूप से देखने को मिली।

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**धर्मेंद्र प्रताप कनौजिया**
वन क्षेत्राधिकारी
रेंज ककरहा कतर्नियाघाट जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**सुरेन्द्र कुमार तिवारी**
वन क्षेत्राधिकारी
रेंज मोतीपुर कतर्नियाघाट जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**विजय कुमार वर्मा**
ग्राम पंचायत अधिकारी
ब्लाक मिहींपुरवा जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**शैलेश सिंह**
ग्राम पंचायत अधिकारी
ब्लाक मिहींपुरवा जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**सुशील सिंह**
ग्राम पंचायत अधिकारी
ब्लाक मिहींपुरवा जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**विरेन्द्र गुप्ता**
ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जालिम नगर
ब्लाक मिहींपुरवा जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**राममिलन विश्वकर्मा**
ग्राम प्रधान कतरनियापुरवा ब्लाक
मिहींपुरवा जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**राजकिशोर दीक्षित**
राजकीय ठेकेदार,
मैसर्स दीक्षित ब्रिक फील्ड
पता मिहींपुरवा जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**डॉ. आनंद कुमार गोंड**
सांसद
56 लोकसभा बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**धीरज गोंड**
राजकीय ठेकेदार
युवा भाजपा नेता
विधानसभा बलहा मिहींपुरवा जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**लल्लन कुमार**
सहायक अभियंता
विद्युत उप केन्द्र मिहींपुरवा
जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**आशीष कुमार मौर्य**
प्रबंधक
माँ कस्तूरी आशाराम भरोसे शिक्षण संस्थान मिजार्पुर
तेजवापुर जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**संजय सचान**
बाल विकास परियोजना अधिकारी
ब्लॉक नवाबगंज
जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**घनश्याम शर्मा**
ग्राम पंचायत अधिकारी
विकासखंड नवाबगंज जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**पंकज कुमार साहू**
वन क्षेत्राधिकारी
रेंज अब्दुल्ला गंज, चरदा
जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**अतुल श्रीवास्तव**
वन क्षेत्राधिकारी
रेंज रूपईडीहा
जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**विकास पाण्डेय**
प्रबंधक प्रतिनिधि
सीमावर्ती कॉलेज ऑफ फार्मेसी
सीमावर्ती पीजी कॉलेज, रूपईडीहा
सीमान्त इंटर कालेज रूपईडीहा
जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**महेश कुमार पाठक**
ग्राम पंचायत अधिकारी
विकासखंड नवाबगंज जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**संदीप त्रिपाठी**
ग्राम पंचायत अधिकारी
विकासखंड नवाबगंज जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**मो. तौसीफ खान**
ग्राम पंचायत अधिकारी
विकासखंड नवाबगंज जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**शिवाजी पोरवाल**
ग्राम विकास अधिकारी
विकासखंड नवाबगंज जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**जय प्रकाश सिंह**
ब्लॉक प्रमुख

**शिवपूजन सिंह**
प्रमुख प्रतिनिधि
ब्लॉक नवाबगंज जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**श्रीमती सरोज सोनकर**
विधायक
282-बलहा जनपद बहराइच

**आलोक जिंदल**
विधायक प्रतिनिधि

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**सिराज अहमद**
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत सहजना
विकासखंड नवाबगंज जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**अश्विनी कुमार वर्मा**
प्रधान
ग्राम पंचायत कल्याणपुर
विकासखंड नवाबगंज जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**नंदकिशोर वर्मा**
प्रधान
ग्राम पंचायत रामपुर हुसैनबख्स
विकासखंड नवाबगंज जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**फौजदार वर्मा**
प्रधान
ग्राम पंचायत सोरहिया
विकासखंड नवाबगंज जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**राजेन्द्र कुमार सिंह**
(शाखा प्रबंधक)
हिमांशु शेखर
(कैशियर)
एवं समस्त कार्यालय कर्मचारी
उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा सोरहिया
जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**हाजी मो. अनवर**
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत जमुनहा बाबागंज
विकासखंड नवाबगंज जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**बकाउल्लाह**
अध्यक्ष
प्रबंध समिति दरगाह शरीफ बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

जय अखिलेश! जय समाजवाद!!
**डॉ संतोष पटेल**
प्रदेश उपाध्यक्ष समाजवादी लोहिया वाहिनी
283-विधानसभा नानपारा बहराइच

## सम्पादकीय

# मित्रों को ही भारी पड़ रहा है ट्रंप का अस्थिर रवैया

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल में पूरी दुनिया के लिए भस्मासुर की भूमिका में हैं। वह किसी के भी सिर पर हाथ रखकर उसे भस्म करना चाहते हैं। शुरुआत में जब उन्होंने पूरी दुनिया को टैरिफ की आग में धकेलने की कोशिश की तो इसे अनेक देशों ने कुछ हद तक तार्किक समझा और इस मसले को वार्ता के जरिए सुलझाने के लिए व्यापार समझौतों की पेशकश की। हालांकि इनमें अधिकांश समझौते एकतरफा रहे और ट्रंप ने टैरिफ का डर दिखाकर अपनी मर्जी ही चलाई। भारत ने भी अमेरिका के साथ व्यापार समझौते की कोशिश की और दोनों देशों के बीच एक साल से इस पर वार्ता के बावजूद सहमति नहीं बन सकी है। हालांकि इस अवधि में अमेरिका ने भारत पर दुनिया में सर्वाधिक 50 फीसदी टैरिफ लगा दिया। ट्रंप की इस हरकत ने दोनों देशों के संबंधों को निचले स्तर पर पहुंचा दिया है। देखा जाए तो ट्रंप का यह कार्यकाल उनके मित्रों पर ही ज्यादा भारी पड़ रहा है। ग्रीनलैंड पर उनके रुख ने उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन यानी नाटो के भविष्य पर ही प्रश्नचिह्न लगा दिया था। एक बार तो ऐसा लगने लगा था कि अमेरिका और यूरोप की सेनाएं आमने-सामने आ सकती हैं। हालांकि ट्रंप के दावोस में दिए भाषण से संकेत मिला है कि फिलहाल नाटो बच गया है। इसके बावजूद ट्रंप के अस्थिर रवैये को देखते हुए इस बात की गारंटी नहीं दी जा सकती कि आने वाले समय में नाटो का क्या होगा। नाटो की स्थापना 1949 में सोवियत विस्तार और साम्यवाद के खिलाफ एक ढाल के रूप में की गई थी। अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, बेल्जियम, डेनमार्क, फ्रांस, आइसलैंड, इटली, लक्जमबर्ग, नीदरलैंड, नॉर्वे और पुर्तगाल इसके 12 संस्थापक सदस्य थे। 1989 में सोवियत संघ के पतन के बाद नाटो का विस्तार हुआ। रूस के यूक्रेन पर हमले के बाद फिनलैंड (2023) और स्वीडन (2024) इसके नवीनतम सदस्य बने। नाटो की स्थापना करने वाली वॉशिंगटन संधि में कहा गया है कि एक या अधिक सदस्यों पर सशस्त्र हमला, सभी पर हमला माना जाएगा। 9/11 के हमलों के बाद इस प्रावधान को लागू किया गया था। ट्रंप लंबे समय से बहुपक्षवाद के प्रति असहमति जताते रहे हैं। हालांकि, नाटो को लेकर उनकी मुख्य शिकायत वित्तीय है। उनका आरोप है कि यूरोप की सुरक्षा का अधिकांश खर्च अमेरिका उठाता है, जबकि अन्य सदस्य अपेक्षाकृत कम योगदान देते हैं। डेनमार्क से ग्रीनलैंड को खरीदने का ट्रंप का विचार एक तरह से नाटो पर वर्षों से हो रहे अमेरिकी खर्च की एक प्रतीकात्मक भरपाई के रूप में सामने आया है। दावोस में ट्रंप ने स्पष्ट किया कि वे ग्रीनलैंड का बलपूर्वक विलय नहीं करेंगे और उन्होंने उस 10% टैरिफ का उल्लेख भी नहीं किया, जिनकी उन्होंने आठ यूरोपीय देशों को धमकी दी थी। फिर भी उनकी चेतावनी स्पष्ट थी 'आप हां कह सकते हैं और हम बहुत आभारी होंगे या आप ना कह सकते हैं और हम याद रखेंगे।' बाद में उन्होंने यह भी कहा कि वे वार्ता चाहते हैं। ग्रीनलैंड में कोई भी अमेरिकी सैन्य कार्रवाई प्रभावी रूप से नाटो को समाप्त कर देगी। यूरोप आर्थिक रूप से शक्तिशाली होने के बावजूद अपनी सुरक्षा के लिए अमेरिकी परमाणु छतरी पर निर्भर है भले ही ब्रिटेन और फ्रांस स्वयं परमाणु-सशस्त्र देश हैं। यूक्रेन युद्ध के दौरान रूस की परमाणु धमकी का मुकाबला करने में भी अमेरिका ने निर्णायक भूमिका निभाई है, लेकिन ट्रंप की अप्रत्याशित नीतियों के चलते भविष्य के नाटो संकटों में वॉशिंगटन के सहयोग की कोई गारंटी नहीं है।



बोर्ड ऑफ पीस

डॉ. एन. के. सोमानी

# ट्रंप की शांति योजना पर उठते सवाल

**अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वैश्विक संघर्षों को रोकने और दुनिया में शांति व स्थिरता स्थापित करने के लिए 'बोर्ड ऑफ पीस' के गठन का ऐलान किया है। बोर्ड में शामिल होने के लिए ट्रंप प्रशासन ने तकरीबन 60 देशों के मुखियाओं को निमंत्रण भेजा है। 35 से अधिक देश इस विश्व संगठन का हिस्सा बनने के लिए राजी हो गए हैं। ब्रिटेन, जर्मनी, जापान, भारत, रूस और चीन ने अभी तक कोई फैसला नहीं किया है। वैश्विक संगठनों के प्रति आदर का भाव रखने वाला भारत क्या अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बोर्ड ऑफ पीस का हिस्सा बनना चाहेगा, जो पिछले आठ दशकों से वैश्विक शांति की गारंटी के रूप में काम कर रहे संयुक्त राष्ट्र को चुनौती देने के मनसूबे पाल रहा है।**

ग्रीनलैंड पर अमेरिकी स्वामित्व के दावों के बीच संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वैश्विक संघर्षों को रोकने और दुनिया में शांति व स्थिरता स्थापित करने के लिए 'बोर्ड ऑफ पीस' के गठन का ऐलान किया है। बोर्ड में शामिल होने के लिए ट्रंप प्रशासन ने तकरीबन 60 देशों के मुखियाओं को निमंत्रण भेजा है। कहा जा रहा है कि 35 से अधिक देश इस विश्व संगठन का हिस्सा बनने के लिए राजी हो गए हैं। इनमें मध्यपूर्व के सहयोगी देश इजरायल, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, जॉर्डन, कतर और मिस्र शामिल हैं। नाटो सदस्य तुर्की और हंगरी के अलावा मोरक्को, पाकिस्तान, इंडोनेशिया, कोसोवो, उज्बेकिस्तान, कजाकिस्तान, पैराग्वे, आर्मेनिया, अजरबैजान और वियतनाम भी बोर्ड ऑफ पीस का हिस्सा होने के लिए सहमत हो गए हैं।

ब्रिटेन, जर्मनी, जापान, भारत, रूस और चीन ने अभी तक कोई फैसला नहीं किया है। हालांकि, व्यक्तिगत रूप से ट्रंप के पुतिन के साथ संबंध बेहतर है, व्यापार समझौते के बाद चीन-अमेरिकी संबंधों में तल्खी कुछ कम हुई है, लेकिन जिस तरह से बोर्ड ऑफ पीस के चार्टर में वीटो का एक मात्र अधिकार केवल अमेरिका (राष्ट्रपति ट्रंप ) को दिए जाने की बात कही गई है, उसे देखते हुए दोनों साम्यवादी देश शायद इस संशय में हैं कि अमेरिकी पहल का हिस्सा बनने से उनकी स्थिति कमजोर हो सकती है। कमोबेश यही स्थिति ब्रिटेन की है। तीनों का आशंकित होना स्वाभाविक है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् में वीटो के मामले में अमेरिका, रूस, चीन और ब्रिटेन की शक्ति बराबर है। पांचवें स्थायी सदस्य फ्रांस ने ट्रंप की योजना का हिस्सा बनने से इनकार कर दिया है। फ्रांस पर दबाव बनाने के लिए ट्रंप ने फ्रांसीसी वाइन और शैंपेन पर 200 फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी दी है। दिलचस्प बात यह है कि बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने ट्रंप के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। कनाडा भी पूरी तरह से तैयार था लेकिन दावोस में प्रधानमंत्री मार्क कार्नी द्वारा अमेरिका की टैरिफ नीति की निंदा किए जाने के कारण अब ट्रंप ने कनाडा से निमंत्रण को वापस ले लिया है। दरअसल ट्रंप ने 29 सितंबर 2025 को गाजा संघर्ष को समाप्त करने के लिए एक व्यापक योजना की घोषणा की थी। इसका अरब समुदाय सहित इजरायल और यूरोप के कई देशों ने समर्थन किया। 17 नवबंर को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने इसका स्वागत करते हुए भारी बहुमत से प्रस्ताव संख्या 2803 पारित किया। ट्रंप का कहना है कि अब समय आ गया है, जब प्रस्ताव के लक्ष्यों को अमली जामा पहनाया जाए। पूरी योजना का केन्द्र शांति बोर्ड है। चार्टर के अनुसार बोर्ड के सदस्यों का कार्यकाल तीन साल रखा गया है। यदि कोई सदस्य बोर्ड में स्थायी रूप से बने रहना चाहते हैं तो इसके लिए उन्हें 1 अरब डॉलर का योगदान करना होगा। बोर्ड के कार्यकारी मंडल में ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर, विदेशमंत्री मार्को रूबियो, विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर शामिल हैं। बोर्ड की अध्यक्षता ट्रंप ने स्वयं अपने पास रखी है। अध्यक्ष के कार्यकाल की कोई सीमा नहीं है अर्थात कार्यकाल अनिश्चित रखा हुआ है।

जहां तक ट्रंप को बोर्ड से हटाए जाने का सवाल है तो वह स्वेच्छा से त्यागपत्र दे सकते हैं या कार्यकारी परिषद्



के सर्वसम्मत मत द्वारा निर्धारित अक्षमता के आधार पर पद से हटाया जा सकता है। ऐसे में लोकतांत्रिक प्रक्रिया में थोड़ी भी रुचि रखने वाला कोई भी देश इसमें शामिल होगा, इसमें संदेह है। ट्रंप प्रशासन का अनुमान है कि बोर्ड में तकरीबन 60 से अधिक देश शामिल होंगे और 60 अरब डॉलर का निवेश प्राप्त होगा, जिसका उपयोग गाजा के पुनर्निमार्ण में किया जाएगा। हालांकि वाशिंगटन शांति बोर्ड को गाजा के पुनर्निर्माण और समृद्धि के लिए एक रोडमैप के रूप में पेश कर रहा है, लेकिन बोर्ड से फिलिस्तीनियों को बाहर रखना अपने आप में आश्चर्यजनक है।

कोई दो राय नहीं कि ट्रंप के शांति बोर्ड का उद्देश्य गाजा में स्थायी शांति और स्थिरता सुनिश्चित करना है, लेकिन जिस तरह से इसे एक नए अंतरराष्ट्रीय संगठन और शांति व्यवस्था स्थापित करने वाले निकाय के रूप में प्रचारित किया जा रहा है, उसे देखते हुए सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या ट्रंप का शांति बोर्ड आने वाले समय में संयुक्त राष्ट्र संघ की जगह लेता हुआ दिखाई देगा। यह सवाल इसलिए भी प्रासंगिक हो जाता है क्योंकि ट्रंप लगातार इस विश्व संस्था की आलोचना करते रहे हैं। ट्रंप खुद भी इस बात की पुष्टि कर चुके हैं। प्रेस ब्रीफिंग में उन्होंने कहा कि उनका बोर्ड अंतरराष्ट्रीय निकाय की जगह ले सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि मैं संयुक्त राष्ट्र क्षमताओं का प्रशंसक हूं लेकिन इस संस्था ने कभी अपनी क्षमता का पूरा इस्तेमाल नहीं किया है। संयुक्त राष्ट्र को उन सभी युद्धों का निपटारा कर देना चाहिए था, जिनका मैंने निपटारा किया। जिस तरह से पिछले दिनों अमेरिका की डेल्टाफोर्स ने वैनेजुएला पर हमला कर राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को अगवा किया उससे डोनाल्ड ट्रंप और उनकी 'शांति की पहल' पर सवाल उठ रहे हैं। रूस और पाकिस्तान को निमंत्रण भेजे जाने पर भी सवाल खड़े किए जा रहे हैं।

रूस यूक्रेन युद्ध का एक पक्षकार है। एक संप्रभु राष्ट्र पर हमला करने और आतंकवाद को पालने, बढ़ाने और उसका वित्तपोषण करने वाले देश को शांति स्थापना के प्रयासों का हिस्सा बनाना क्या अपने आप में हास्यास्पद नहीं है।इसके अलावा जिस तरह से पाकिस्तान को गाजा में शांति और सुरक्षा के अंतरराष्ट्रीय प्रयासों में शामिल किया जा रहा है, उससे इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू की परेशानी बढ़ सकती है। सवाल तो चार्टर के विभिन्न प्रावधानों पर भी उठ रहे हैं। सदस्यता के लिए इच्छुक देशों के दायित्व क्या होंगे, बोर्ड किन सिद्धांतों के आधार पर आगे बढ़ेगा, इसका कोई पैमाना चार्टर में नहीं है। ऐसे में क्या स्थायी सीट हर वक्त बिक्री के लिए उपलब्ध होगी। 1 अरब डॉलर की राशि क्या तमाम योग्यताओं का निर्धारक बिन्दु होगी।

ऐसे में आशंका इस बात की भी है कि शांति स्थापित करने के उद्देश्य से निर्मित यह मंच कहीं सौदेबाजी का अखाड़ा तो बनकर नहीं रह जाएगा। चार्टर में जिस तरह से बोर्ड ऑफ पीस को ऐसे अंतरराष्ट्रीय संगठन के रूप में दिखाने की कोशिश की गई है, जो संघर्ष से प्रभावित क्षेत्रों में स्थिरता को बढ़ावा देने, विश्वसनीय और वैध शासन को बहाल करने और स्थायी शांति सुनिश्चित करने का प्रयास करता है, उसमें आशंका इस बात की भी है कि बोर्ड का व्यापक चार्टर संयुक्त राष्ट्र के अस्तित्व पर संकट खड़ा कर सकता है। हालांकि इसकी संभावना नहीं के बराबर है, लेकिन बड़ा सवाल भारत के स्टैंड को लेकर भी है। नियम आधारित व्यवस्था और वैश्विक संगठनों के प्रति आदर का भाव रखने वाला भारत अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बोर्ड ऑफ पीस का हिस्सा बनना चाहेगा, जो पिछले आठ दशकों से वैश्विक शांति की गारंटी के रूप में काम कर रहे संयुक्त राष्ट्र को चुनौती देने के मनसूबे पाल रहा है।

मुद्दा

राजेश माहेश्वरी



# बजट सत्र में जी राम जी पर सरकार को घेरेगा विपक्ष

संसद के आगामी बजट सत्र में विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) बिल पर भारी हंगामा होने की संभावना है। यह मुद्दा मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस द्वारा जोर-शोर से उठाया जा रहा है। यह विधेयक महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) की जगह लाया गया है और शीतकालीन सत्र में ही संसद के दोनों सदनों से पास हो चुका है। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल इस नए बिल को मनरेगा को 'खत्म करने की साजिश' बता रहे हैं। उनका आरोप है कि नए कानून में कई ऐसे बदलाव किए गए हैं, जिनसे गरीबों के रोजगार की गारंटी प्रभावित होगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और नेता राहुल गांधी ने घोषणा की है कि वे इस मुद्दे को बजट सत्र के दौरान संसद में उठाएंगे। संसद का बजट सत्र आगामी 28 जनवरी से शुरू होकर 2 अप्रैल तक चलेगा। विपक्ष के अनुसार, मनरेगा में 100 दिन का रोजगार सुनिश्चित था, जबकि नए कानून में 125 दिन के रोजगार का प्रावधान है, लेकिन इसके क्रियान्वयन को लेकर आशंकाएं हैं। साथ ही, खर्च का प्रतिशत भी राज्यों को अधिक उठाना पड़ेगा। विपक्षी दलों की बयानबाजी से इस बात के प्रमाण मिल रहे हैं कि आगामी बजट सत्र में विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) बिल विपक्ष के लिए सरकार को घेरने का एक प्रमुख मुद्दा होगा, जिससे सदन में हंगामेदार स्थिति उत्पन्न हो सकती है। बीती 22 जनवरी को दिल्ली में 'मनरेगा बचाओ मोर्चा' के राष्ट्रीय सम्मेलन में राहुल गांधी ने कानून का नाम सुनकर व्यंग्य किया और कहा कि उन्हें इसका नाम भी नहीं पता। उन्होंने इसे गरीबों के अधिकार छीनने की साजिश बताया और मोदी सरकार को खुली चेतावनी दी कि अगर गरीब एकजुट हो जाएंगे तो सरकार पीछे हट जाएगी। राहुल गांधी ने कहा, ये नया कानून क्या है, मुझे पता ही नहीं। जिसमें काम की गारंटी थी और पंचायती राज के माध्यम से चलती थी। उन्होंने आरोप लगाया कि पीएम मोदी इसे खत्म करना चाहते हैं और केंद्र को काम व फंड का पूरा नियंत्रण देना चाहते हैं, जिसमें भाजपा शासित राज्यों को प्राथमिकता मिलेगी। वहीं, बीजेपी ने राहुल गांधी और कांग्रेस की तरफ से इस बिल का विरोध करने को लेकर फटकार लगाई है। बीजेपी का कहना है कि राहुल गांधी की आलोचनाओं ने कांग्रेस की हिंदू विरोधी मानसिकता को उजागर किया है। साथ ही कहा कि कांग्रेस गलत जानकारी फैला रही है। सरकार का पक्ष है कि इस कानून का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में 125 दिन के रोजगार की गारंटी देना, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना और वर्ष 2047 तक विकसित भारत के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप तैयार करना है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार मनरेगा के स्थान पर लागू होने वाला वीबी-जी राम जी अधिनियम, 2025 अभी तक औपचारिक रूप से अधिसूचित और लागू नहीं हुआ है, इसलिए केंद्र सरकार आगामी बजट में इस योजना को निर्बाध समर्थन सुनिश्चित करने के लिए दोहरी बजटीय आवंटन पर विचार कर रही है। नए कानून के तहत नियम अभी तैयार किए जा रहे हैं, इसलिए सरकार संक्रमणकालीन चरण में मनरेगा और वीबी-जी राम जी योजना दोनों के लिए एक साथ निधि उपलब्ध करा सकती है। नियमों के अधिसूचित होने के बाद ही नया कानून लागू होगा। बजट में भारी बढ़ोतरी का संकेत देते हुए, सरकार ने पहले घोषणा की थी कि वीबी-जी आरएएम जी के लिए 1,51,282 करोड़ रुपये आवंटित किए जाएंगे। सूत्रों के अनुसार, केंद्र सरकार अपने बजट घोषणा में इस आवंटन को और बढ़ा सकती है। एमजीएनआरईजीए के लिए वित्त वर्ष 2025 और वित्त वर्ष 2026 दोनों में 86,000 करोड़ रुपये का अपरिवर्तित आवंटन किया गया था। नए अधिनियम के तहत, अनुमानित केंद्रीय निधि का हिस्सा 95,692.31 करोड़ रुपये है, शेष राशि राज्यों द्वारा वहन की जाएगी। नए अधिनियम में केंद्र और राज्यों के बीच 60:40 का लागत-साझाकरण अनुपात अनिवार्य किया गया है। हालांकि, विपक्षी सदस्यों ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि राज्यों को निधि आवंटन के प्रस्तावित मानदंडों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है।

## चरित्र गठन की विशाल व्यायामशाला है संसार



संकलित

दर्शन

संसार न तो अच्छा है, ना बुरा। प्रत्येक मनुष्य अपने लिए अपना-अपना संसार बना लेता है। हमारी मानसिक अवस्था के अनुसार ही हमें यह संसार भला या बुरा प्रतीत होता है। अग्नि स्वयं में अच्छी है न बुरी। जब यह हमें गर्म रखती है, तो हम कहते हैं यह कितनी अच्छी है, जब हमारी अंगुली जल जाती है, तो हम इसे दोष देते हैं। यही हाल संसार का है। संसार स्वयं पूर्ण है। पूर्ण का अर्थ यह है कि इसमें अपने सभी प्रयोजन पूर्ण करने की क्षमता है। हमें जान लेना चाहिए कि हमारे बिना भी यह संसार बड़े मजे से चलता जाएगा। हमें उसकी सहायता करने के लिए माथापच्ची करने की आवश्यकता नहीं। परंतु फिर भी हमें सदैव परोपकार करते ही रहना चाहिए। यदि हम सदैव यह ध्यान रखें कि दूसरों की सहायता करना एक सौभाग्य है, तो परोपकार करने की इच्छा एक सर्वोत्तम प्रेरणा शक्ति है। एक दाता के ऊंचे आसन पर खड़े होकर और अपने हाथ में दो पैसे लेकर यह मत कहो, 'ऐ भिखारी, ले, मैं तुझे यह देता हूं। तुम स्वयं इस बात के लिए कृतज्ञ हो जाओ कि इस संसार में तुम्हें अपनी दयालुता का प्रयोग करने और इस प्रकार पूर्ण होने का अवसर प्राप्त हुआ। धन पाने वाला नहीं, देने वाला होता है। भलाई के सभी कार्य हमें शुद्ध और पूर्ण बनाने में सहायता करते हैं। यह संसार न तो तुम्हारी सहायता का भूखा है और ना मेरी। परंतु फिर भी हमें निरंतर कार्य करते रहना चाहिए, परोपकार करते रहना चाहिए। क्योंकि इससे हमारा ही भला है।

## मुनि के शाप से देवराज इंद्र से छिन गया था स्वर्ग



संकलित

प्रेरणा

एक दिन दुर्वासा मुनि विष्णु जी के पास पहुंचे। उस समय विष्णु जी ने दुर्वासा मुनि को अपनी दिव्य माला उपहार में दी। विष्णु जी से मिलकर दुर्वासा मुनि लौट रहे थे। तभी उन्हें रास्ते में देवराज इंद्र दिखाई दिए। इंद्र अपने ऐरावत हाथी पर सवार थे और दुर्वासा मुनि पैदल थे। इन दोनों ने एक-दूसरे को देख लिया। उस समय दुर्वासा जी ने सोचा कि विष्णु जी ने जो माला दी है, वह मेरे किसी काम की नहीं है। ये माला इंद्र को दे देता हूं। इंद्र स्वर्ग के राजा हैं तो उनके गले में ये माला शोभा देगी। ऐसा सोचकर दुर्वासा मुनि ने विष्णु जी की माला इंद्र को उपहार में दे दी। देवराज इंद्र ने दुर्वासा जी से वह माला ले ली। उस समय देवराज इंद्र का अहंकार जाग गया। वह अपने ऐरावत हाथी पर बैठे हुए थे, स्वर्ग के राज-पाठ का घमंड था। इसी घमंड की वजह से इंद्र ने सोचा कि ये सामान्य सी माला मेरे काम नहीं आएगी। ये सोचकर इंद्र ने वह माला अपने ऐरावत हाथी के ऊपर डाल दी। ऐरावत ने अपनी सूंड से वह माला पकड़ी और पैरों से कुचल दी। ये सब दुर्वासा मुनि ने देख लिया, अपने उपहार का ऐसा अपमान देखकर वे क्रोधित हो गए। गुस्से में उन्होंने इंद्र से कहा कि आज तूने अपने राज-पाठ और पद के घमंड में मेरे उपहार का अनादर किया है, मैं तुझे शाप देता हूं, तेरा सारा वैभव चला जाएगा और तू स्वर्गहीन हो जाएगा। इसके बाद असुरों ने देवताओं पर आक्रमण कर दिया और देवता पराजित हो गए। इंद्र को स्वर्ग से जाना पड़ा था।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### रेवड़ियां बांटना कितना उचित?

सभी राजनीतिक दलों द्वारा मतदाताओं को लुभाने के लिए सरकारी खजाने से मुफ्त धन व अन्य वस्तुएं बांटने की घोषणा पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा याचिका स्वीकार करने का स्वागत है। सुप्रीम कोर्ट ने देश पर बढ़ते कर्ज और चुनावी लोकलुभावन घोषणाओं के बीच के खतरनाक संबंध को गंभीरता से लेते हुए जनहित याचिका की सुनवाई के लिए तत्परता दिखाई है, क्योंकि यह मुद्दा केवल चुनावी नैतिकता तक सीमित नहीं, बल्कि देश की दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता से जुड़ा है। पिछले एक दशक में राज्यों का सार्वजनिक ऋण तेजी से बढ़ा है और रिज़र्व बैंक की विभिन्न रिपोर्टें यह संकेत देती हैं कि कई राज्य अपने राजस्व का बड़ा हिस्सा केवल ब्याज चुकाने में खर्च कर रहे हैं, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत ढांचे और सुरक्षा जैसे जरूरी क्षेत्रों के लिए संसाधन सीमित हो रहे हैं।

*- प्रदीप सक्सेना, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### मछुआरों के लिए काम



पिछले एक दशक में, एनडीए सरकार ने मछुआरों के लिए व्यापक रूप से काम किया है। हमारा जोर उनके लिए बेहतर बाजार और प्रौद्योगिकी सुनिश्चित करने पर रहा है। आने वाले समय मे यह कार्य और भी अधिक जोश के साथ जारी रहेगा।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### मुखर्जी के विचार



डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने बंगाल से निकलकर भारतीय जनसंघ की स्थापना की थी। आज उनके विचार को भाजपा विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल के रूप में जन-जन के बीच पहुंचा रही है।

- जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### कपड़ा निर्यातकों को नुकसान



अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ और अनिश्चितता से भारत के कपड़ा निर्यातकों को भारी नुकसान हो रहा है। पीएम मोदी ने कोई राहत नहीं दी है और न ही टैरिफ के बारे में बात की है, जबकि 45 करोड़ से अधिक नौकरियां और व्यवसाय खतरे में है।

-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### निष्ठाएं बिक रहीं



आज निष्ठाएं आसानी से बिक जाती है। सिद्धांतों को यूं ही त्याग दिया जाता है और राजनीति पूरी तरह अवसरवादी हो गई है। आज की राजनीति में सफलता इस बात से नहीं आंकी जाती कि कौन से मुद्दे सामने लाए गए या क्षेत्रीय और भाषाई अस्मिता को कितनी मजबूती से जीवित रखा गया।

- राज ठाकरे, मनसे प्रमुख

## करंट अफेयर

# ट्रंप का जेपी मॉर्गन पर पांच अरब डॉलर का मुकदमा दायर

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बैंकिंग क्षेत्र की दिग्गज जेपीमॉर्गन चेस और उसके सीईओ जेमी डिमॉन पर पांच अरब डॉलर का मुकदमा दायर किया है। ट्रंप का आरोप है कि जनवरी 2021 में उनके पद छोड़ने के बाद जेपीमॉर्गन ने राजनीतिक कारणों से उन्हें और उनके व्यवसायों को बैंकिंग सेवाएं देना बंद कर दिया था।




फ्लोरिडा के मियामी-डेड काउंटी कोर्ट में दायर मुकदमे में आरोप लगाया गया है कि जेपीमॉर्गन ने फरवरी 2021 में बिना किसी स्पष्टीकरण के मात्र 60 दिन के नोटिस पर कई खाते अचानक बंद कर दिए। ट्रंप का दावा है कि जेपीमॉर्गन और डिमोन के ऐसा करने से राष्ट्रपति और उनके व्यवसायों को लाखों डॉलर का नुकसान हुआ,

## ऑफ बीट

# कसरत की थकान से उबरने में आइस बाथ है लोकप्रिय

पिछले कुछ साल में 'आइस बाथ' का चलन तेजी से बढ़ा है। दुनिया भर में खुद को स्वस्थ रखने वाले और व्यायाम करने वाले लोग इसे अपना रहे हैं, हालांकि पहले केवल एथलीट ही इसका उपयोग करते थे। 'आइस बाथ' का मतलब बर्फ के छोटे-छोटे टुकड़ों से भरे पानी में नहाना है। कसरत की थकान से उबरने के लिए 'आइस बाथ' 'आइस बाथ' लेने का मुख्य कारण मांसपेशियों में दर्द को कम करना और व्यायाम के बाद थकान से उबरना है। धावक, भारोत्तोलक और फुटबॉल खिलाड़ी सहित एथलीट आमतौर पर 'आइस बाथ' का उपयोग करते हैं। इस बात के पर्याप्त सबूत हैं कि 'आइस बाथ' लेने से कसरत के बाद होने वाली थकान को दूर किया जा सकता



















## कार्यालय नगर पंचायत भगवन्तनगर–उन्नाव

अपील

1. घरों के आस–पास पानी न एकत्र होने दे।
2. मच्छरदानी का प्रयोग करें।
3. घरों में रखे कूलर का पानी समय–समय पर बदलते रहें।
4. कमीज पूरी अस्तीन की पहनें।
5. घर के आस पास गंदगी न एकत्र होने दें।
6. बुखार आने पर डाक्टर को दिखायें।
7. डाक्टर की सलाह से ही दवा लें।
8. खुले में शौच न करें घर में आवश्यक रूप से शौचालय बनवायें।
9. कटे सड़े फलों एवं दूशित खाद्य/पेय पदार्थों का उपयोग न करें।
10. घर के पास की नालियों में एण्टीलार्वा कीटनाशक दवा का छिड़काव करें।
11. जन्म–मृत्यु का समय से पंजीकरण करायें।
12. नालियों में कूड़ न डाले
13. भवनकर, जलमुल्य/जलकर समय से जमा करें।

प्रदीप कुमार पाण्डेय,अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत भगवन्त नगर
जनपद-उन्नाव


आशीष शुक्ला
अध्यक्ष
नगर पंचायत भगवन्तनगर
उन्नाव















































































आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री रविन्द्र सिंह परिहार (लालजी)
ग्राम प्रधान डुमरई, ब्लॉक -बामौर (झांसी)

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री पुष्पेंद सिंह परिहार
ग्राम प्रधान टर्रा, प्रतापपुरा
ब्लॉक -बामौर (झांसी)
श्री विनीत विश्वकर्मा
ग्राम पंचायत सचिव

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मान खां मड़ोरी (समाजसेवी)
जिला महासचिव झांसी
मानवाधिकार प्रशासनिक संस्थान

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री अरविंद्र कुमार गुप्ता
प्रधानाचार्य उच्च प्राथमिक विद्यालय
कचीर, ब्लॉक -बामौर (झांसी)

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री अवधेश प्रताप सिंह बुंदेला
वन क्षेत्राधिकारी बामौर
रेंज गरौठा (झांसी)

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मा. अखिलेश यादव जिंदाबाद!
समाजवादी पार्टी जिंदाबाद!!
काम बोलता है..
राजेश चौधरी
विधानसभा क्षेत्र-283 नानपारा
मो.: 9621236100

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
भरत साहू
ग्राम विकास अधिकारी
विकास खंड-गोहांड
जनपद-हमीरपुर

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ० संदीप सरावगी
(वरिष्ठ समाजसेवी)
अध्यक्ष संघर्ष सेवा समिति झांसी (उ०प्र०)

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री राजेंद्र कुमार तिवारी
(राजू महाराज)
ग्राम प्रधान ककरवई, ब्लॉक -बामौर
(झांसी)

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अतुल कुमार सिंह
प्रधान
रहीम नगर
नवाबगंज जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. महेश विश्वकर्मा
अधीक्षक
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरदा, बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
हरीराम पाठक
समाजसेवी/प्रापर्टी डीलर
महानन्द पुरवा, बाबागंज
जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
भाग्यलक्ष्मी सिंह
प्रधान
ग्राम सभा कलवारी, नवाबगंज
बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री श्याम सिंह
ग्राम प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत अस्ता, ब्लॉक -बामौर
(झांसी)

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मोहनलाल सुमन
ARP चिरगाँव (झांसी)
(इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड्स
एवं वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर)

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
धर्मेन्द्र पाल
सहायक विकास अधिकारी
(पंचायत) विकास खण्ड कुरारा हमीरपुर

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ संदीप कुमार
अध्यक्ष एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक
कृषि विज्ञान केंद्र नानपारा जनपद
बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रामदयाल
उपजिलाधिकारी
तहसील मिहींपुरवा जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अरुण सिंह
ग्राम प्रधान कुसमरा विकास खंड
कुरारा हमीरपुर।
जिला अध्यक्ष प्रधान संघ अखिल
भारतीय संगठन हमीरपुर।

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अरविंद कुमार पाल
विकास खंड अधिकारी मौदहा हमीरपुर

प्राथमिक विद्यालय गौरी औरा-वि.खं. अमौली-फतेहपुर
आप सभी को गणतन्त्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
राधेश्याम दीक्षित
(एस आर जी)
बेसिक शिक्षा विभाग फतेहपुर, उ०प्र०

आप सभी को गणतन्त्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
श्रवण कुमार पाल
(खण्ड शिक्षा अधिकारी)
फतेहपुर

आप सभी को गणतन्त्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
कल्पना गौतम
(सहायक अध्यापिका)
प्राथमिक विद्यालय जगदीशपुर, बकेवर
विकास खण्ड देवमई-फतेहपुर

आप सभी को गणतन्त्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
अरविन्द कुमार सिंह
(पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष)
ग्राम पंचायत सिकन्दरपुर
विकास खण्ड अमौली-फतेहपुर (उ०प्र०)

आप सभी को गणतन्त्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
26 January Happy Republic Day
नवल किशोर विश्वकर्मा
प्रधान पति
मीरा देवी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत नसेनियां-फतेहपुर

आप सभी को गणतन्त्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
26 January Happy Republic Day
प्रकाश चन्द्र (बन्दू सोनकर)
प्रधान पति
शिव कुमारी सोनकर
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत अमौली-फतेहपुर

आप सभी को गणतन्त्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
26 January Happy Republic Day
डा० पुष्कर कटियार
(चिकित्सा अधीक्षक)
सामु०स्वा० केन्द्र अमौली-फतेहपुर
डा० नवीन सिंह
(चिकित्सा प्रभारी)
प्रा०स्वा० केन्द्र चांदपुर अमौली-फतेहपुर

आप सभी को गणतन्त्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
धीरू सिंह
(ग्राम प्रधान)
मवई धाम-फतेहपुर

आप सभी को गणतन्त्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
26 January Happy Republic Day
श्रीकांत उत्तम
पूर्व प्रधान
ग्राम पंचायत विरनई
विकास खण्ड अमौली-फतेहपुर
सिया देवी
ग्राम प्रधान

आप सभी को गणतन्त्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
राम कुमार निषाद
पूर्व प्रधान
निवासी-मटरू का डेरा (ईटरा)
ग्राम पंचायत-कहिंजरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
ब्लाक एकेडमिक कोऑर्डिनेटर
एल०एल०एफ०
कुन्ज बिहारी वर्मा

## संक्षेप

### यूपी दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार

अमेठी , उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय यूपी दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मंत्री शर्मा ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए योजनाओं के स्टॉलों का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और निर्देश दिए कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। समारोह के दौरान प्रभारी मंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से मुलाकात की। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को पोषाहार किट वितरित की और छोटे बच्चों का अन्नप्राशन कराया। इसके अतिरिक्त, आयुष्मान भारत योजना के तहत पांच चयनित लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड भी सौंपे गए। यह तीन दिवसीय यूपी दिवस कार्यक्रम जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर परिसर में आयोजित किया जा रहा है। इसमें स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा, ओडीओपी, कृषि, सूचना प्रसारण और बाल विकास विभाग सहित कई अन्य विभागों के स्टॉल लगाए गए हैं।

### वकीलों का आंदोलन जारी

#### एसडीएम अभिनव कन्नौजिया के तबादले पर अड़े

मुसाफिरखाना , तहसील में अधिवक्ताओं का आंदोलन 30 दिसंबर से जारी है। यह प्रदर्शन एसडीएम अभिनव कन्नौजिया के खिलाफ कार्रवाई न होने के विरोध में हो रहा है। अधिवक्ताओं की महापंचायत के बावजूद अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। अधिवक्ता एसडीएम अभिनव कन्नौजिया के स्थानांतरण की मांग पर अड़े हैं। हालांकि, प्रशासन की ओर से इस संबंध में अभी तक कोई स्पष्ट बयान या निर्णय सामने नहीं आया है। प्रशासनिक चुप्पी के कारण अधिवक्ताओं में असंतोष लगातार बढ़ रहा है। तहसील परिसर में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है, जिसके मद्देनजर पुलिस बल तैनात किया गया है और स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

### ई-रिक्शा पलटने से बीए की दो छात्राएं घायल

अमन लेखनी समाचार

अमेठी , संग्रामपुर थानाक्षत्र के राघवपुर बायपास पर शनिवार दोपहर एक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में ई-रिक्शा पर सवार बीए की दो छात्राएं घायल हो गईं। स्थानीय लोगों ने तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया। घायल छात्राओं में से एक की पहचान प्रीति गुप्ता निवासी कसारा गांव, जबकि दूसरी प्रिया यादव निवासी बाबूपुर के रूप में हुई है। दोनों आरआर पीजी कॉलेज में बीए फाइनल की छात्राएं हैं घटना की सूचना मिलते ही दोनों छात्राओं के परिजन अस्पताल पहुंच गए।

## भारत नेपाल की रोटी बेटी की परंपरा पर एसआईआर की दीवार

### एसआईआर की सख़्ती से भारत-नेपाल की बहुओं की नागरिकता पर संकट

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



मोतीपुर, बहराइच।भारत और नेपाल के बीच पीढ़ियों से निभाया जा रहा रोटी-बेटी का रिश्ता आज प्रशासनिक कागजों की सख़्त शर्तों में फंसकर कराहता नजर आ रहा है। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान नागरिकता से जुड़े दस्तावेजों की अनिवार्यता ने सीमा क्षेत्र में एक गंभीर सामाजिक संकट खड़ा कर दिया है। सबसे ज्यादा प्रभावित वे महिलाएं हैं, जो नेपाल से विवाह कर भारत आईं और दशकों से यहीं की होकर रह गईं। बहराइच जिले की भारत-नेपाल सीमा से सटी मिहींपुरवा तहसील के सेमरी मलमला, धमार्पुर, रमपुरवा, विशुनापुर, बिछिया, आंबा, बर्दिया, फकीरपुरी, मुर्तिहा, सलारपुर, घुमनाभारू और बलईगांव जैसे गांवों में नेपाल मूल की बहुएं बड़ी संख्या में निवास कर रही हैं। ग्रामीणों के अनुसार, इनमें से अनेक महिलाएं 30झ40 वर्ष पूर्व भारत आई थीं, यहीं बच्चों को जन्म दिया, यहीं मतदान किया और यहीं की सामाजिक-आर्थिक व्यवस्था का हिस्सा बनीं। विडंबना यह है कि इन महिलाओं के पास आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, पैन कार्ड जैसे सभी सरकारी दस्तावेज मौजूद हैं, लेकिन एसआईआर के तहत 2003 से पूर्व की नागरिकता संबंधी प्रमाणिकता मांगे जाने से उनकी भारतीय पहचान ही संदेह के घेरे में डाल दी गई है। नोटिस मिलने के बाद कई महिलाएं तहसील और ब्लॉक कार्यालयों के चक्कर काट रही हैं, लेकिन कहीं से भी स्पष्ट जवाब या राहत नहीं मिल रही। सीमा क्षेत्र में यह चिंता अब गहराने लगी है कि यदि यह प्रक्रिया इसी तरह जारी रही तो इसका असर केवल मतदाता सूची तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि भारत-नेपाल के पारंपरिक वैवाहिक संबंधों पर भी पड़ेगा। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसी परिस्थितियों में लोग भविष्य में अपनी बेटियों का विवाह भारत में करने से पहले कई बार सोचेंगे।धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी भारत-नेपाल का संबंध अत्यंत प्राचीन है। भगवान श्रीराम और जनकपुर की राजकुमारी माता सीता के विवाह से जुड़ी परंपरा आज भी इस रिश्ते की आत्मा मानी जाती है। ग्रामीणों की पीड़ा भरी टिप्पणी है कि यदि उस कालखंड में भी ऐसे दस्तावेजी नियम होते, तो शायद माता सीता को भी अपनी पहचान सिद्ध करनी पड़ती। इस संबंध में एसडीएम मिहींपुरवा रामदयालने बताया कि जो नेपाल से आई हुई महिलाएं हैं उन्हें नागरिकता के संबंध प्रमाण पत्र देना होगा। उच्च अधिकारियों के निर्देशन और गाइडलाइन का पालन करते हुए नोटिस वाले मतदाताओं की लगातार सुनवाई की जा रही है। ग्रामीणों और पीड़ित परिवारों ने सरकार से मांग की है कि सीमा क्षेत्र की सामाजिक वास्तविकताओं और भारत-नेपाल की ऐतिहासिक परंपराओं को ध्यान में रखते हुए एसआईआर नियमों में मानवीय और व्यावहारिक ढील दी जाए, ताकि कागजों की सख़्ती के चलते रोटी-बेटी का यह सदियों पुराना रिश्ता दरकने न पाए।

## रामपुर धोबिया में हर्षोल्लास से मनाया गया गणतंत्र दिवस का राष्ट्रीय पर्व

अमन लेखनी समाचार



शिवपुर, बहराइच। देश भर में आज 77 वें गणतंत्र दिवस की धूम रही। समस्त देशवासियो में देश प्रेम का जज्बा आज अपने चरम पर देखा गया एवं चंहुओर भारत माता की जय, वंदे मातरम, गणतंत्र दिवस अमर रहे के जयघोष सुनाई पड़े। बच्चे बूढ़े सभी ने देश की आजादी में अपने सिरों की आहुति देने वाले अमर बलिदानी स्वतंत्रता सेनानियों को याद कर उन्हें विनम्र पुष्पांजलि समर्पित किया। इसी क्रम में शिवपुर ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत रामपुर धोबिया के प्राथमिक विद्यालय रामपुर प्रथम में प्रधान प्रतिनिधि प्रभात कुमार जायसवाल ने साथियों व विद्यालय इंचार्ज प्रवीण चौधरी, स0अ0 जीतेन्द्र कुमार यादव, सौरभ श्रीवास्तव विद्यालय स्टॉप व बच्चों संग ध्वजारोहण कर शहीदों को याद किया एवं गणतंत्र दिवस व कई स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में बच्चों को बताया और मिष्ठान वितरित किया। वहीं प्रा0विद्यालय सम्मनपुरवा में प्रधान प्रतिनिधि प्रभात कुमार ने बच्चों में पुरुष्कार वितरित किया। गोस्वामी तुलसीदास एकेडमी में छोटे बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक व देशभक्ति के कार्यक्रम सम्पन्न हुए। इसी क्रम में एमबी पब्लिक स्कूल, श्री रुद्रसेन चौधरी किसान स्कूल व डॉ0 बीआरअ0 स्कूल में भी हर्षोल्लास से तिरंगा फहराया गया। इंडियन बैंक शाखा रामपुर धोबिया में बैंक कर्मिक वीरेंद्र कुमार गुप्ता व कौशल नंदा की अगुवाई में बैंक के प्रथम खाताधारक भूतपूर्व प्रधान माधवरम वर्मा, नेवादा प्रधान बुद्धिलाल वर्मा, वीरेंद्र कुमार वर्मा आदि ने संयुक्त रूप से तिरंगा फहराया और भारत माता का जयघोष किया। बच्चों द्वारा निकाली गई भव्य प्रभात फेरी आकर्षण का केंद्र रहीं।

## वॉलीबॉल टूर्नामेंट का समापन, पीएसी बनारस बनी विजेता

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच।विकास खंड नवाबगंज क्षेत्र के कस्बा बाबागंज स्थित हाजी मोहम्मद युसूफ इंटर कॉलेज में दो दिवसीय वालीबाल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। जिसमे टूनार्मेंट का खिताब पीएसी बनारस ने अपने नाम किया।रविवार कों खेले गए रोमांचक मुकाबले में टीम ने बाबागंज को पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। मिली जानकारी के मुताबिक टूनार्मेंट में करीब 8 प्रमुख टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज जय प्रकाश सिंह ने फीता काटकर किया।फाइनल मुकाबले में पीएसी बनारस और बाबागंज के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। पहले सेट में बनारस ने 20-08 से बढ़त बनाई, दूसरे सेट में भी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 22-11 से और निर्णायक तीसरे सेट में पुनः 17-10 से जीत दर्ज कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। पीएसी उप निरीक्षक शशिकांत सिंह ने रेफरी की भूमिका निभाई।मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख जय प्रकाश सिंह ने विजेता और उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को ट्रॉफी व नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।इस मौके पर आयोजक प्रमुख प्रतिनिधि शिवपूजन सिंह, ग्राम प्रधान हाजी मोहम्मद अनवर, मो0 गाजी, मो शेरू सहित अन्य लोग उपस्थिति रहे।

## सवर्ण समाज ने खंड वि0अ0 को रष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

### UGC कानून के विरोध में सवर्ण समाज का प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार




शिवपुर, बहराइच। जिले के शिवपुर ब्लॉक मुख्यालय पर मंगलवार दोपहर को सामान्य (सवर्ण) वर्ग के सैकड़ों लोगों ने यूजीसी कानून के विरोध में जोरदार प्रदर्शन कर यूजीसी को वापस लेने की मांग किया। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी शिवपुर अनुष्का श्रीवास्तव को सौंपा।

प्रदर्शन का नेतृत्व करणी सेना के जिला उपाध्यक्ष सुजीत प्रताप सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि यह कानून समाज विरोधी है और इससे सामान्य वर्ग के हितों को गंभीर नुकसान पहुंचेगा। उन्होंने सरकार से इसे तत्काल वापस लेने की मांग की। वहीं अंशु मिश्रा ने आरोप लगाया कि सरकार सामान्य वर्ग के अधिकारों को समाप्त करने की दिशा में काम कर रही है, और ऐसे कानून थोपकर समाज को कमजोर किया जा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने यह कानून वापस नहीं लिया, तो 1 फरवरी को और बड़ा तथा उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस दौरान प्रदर्शन में सूर्य प्रकाश सिंह उर्फ बुल्लू, अभिषेक मणि मिश्रा, आदर्श मिश्रा, लवकुश अवस्थी, शिवम सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में यूजीसी कानून को वापस लेने की मांग की और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

## जय भीम पेट्रोल पंप प्रांगण में हर्षोल्लास से मनाया गया गणतंत्र दिवस

अमन लेखनी समाचार

रिसिया, बहराइच। गणतंत्र दिवस पर समस्त देशवासियो में देश प्रेम का जज्बा अपने चरम पर देखा गया एवं वंदे मातरम, गणतंत्र दिवस अमर रहे के जयघोष सुनाई पड़े। बच्चे बूढ़े सभी ने देश की आजादी में अपने सिरों की आहुति देने वाले अमर बलिदानी स्वतंत्रता सेनानियों को याद कर उन्हें विनम्र पुष्पांजलि समर्पित किया। इसी क्रम में रिसिया ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत मटेरा चौराहा पर स्थित जय भीम फिलिंग स्टेशन के प्रांगण मे कार्यक्रम आयोजक मिट्ठू लाल और अलखराम की तरफ से यह आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों संग ध्वजारोहण कर शहीदों को याद किया गया इस दौरान कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष कुश शुक्ला, अंबरीश मित्तल, डब्बू जिला पंचायत सदस्य पुत्तीलाल, भौखारा ग्राम प्रधान मनीराम यादव, मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा विक्की यादव, आयुष अग्रवाल, आलोक अग्रवाल, विजय पाल, मिट्ठू लाल अलखराम, चंद्रमाणिकांत, महेश कुमार अरविंद कुमार, शिव कुमार, सुनील कुमार कमलेश कुमार, राजन राम, समुज और समाज के कई



प्रतिष्ठित सम्मानित पत्रकार लोग उपस्थित रहे। गणतंत्र दिवस व कई स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में बच्चों को बताया और मिष्ठान व भोजन की व्यवस्था की गई। वहीं छोटे बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक व देशभक्ति के कार्यक्रम सम्पन्न हुए।

## चौकी बैबाही में हर्षोल्लास से फहराया गया गणतंत्र का तिरंगा

### भारत माता की जय व वन्देमातरम के जयघोष से गूँजा चौकी बैबाही परिक्षेत्र

अमन लेखनी समाचार



शिवपुर, बहराइच। जिले के खैरीघाट थाना क्षेत्र निहित चौकी बैबाही में आज गणतंत्र दिवस के अवसर पर चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक महेंद्र प्रताप सिंह की अगुवाई में बड़े ही हर्ष व धूम से 77 वें गणतंत्र दिवस का राष्ट्रीय पर्व मनाया गया। चौकी प्रभारी के निर्देशन में पूर्व से ही चौकी परिसर को फूल मलाओं, तिरंगा लाइटों, गुब्बारों से भव्य सजाया गया एवं निश्चित समय पर तिरंगे को सलामी देते हुए ध्वजरोहण व राष्ट्रगान संपन्न हुआ। तत्पश्चात भारत माता की जय व स्वतंत्रता सेनानियों को याद कर श्रद्धा सुमन समर्पित किया गया। वहीं चौकी प्रभारी द्वारा सभी उपस्थितों से गणतंत्र दिवस की महत्ता पर चर्चा करते हुए देश के प्रति प्रेम, देश पर बलिदान होने का जज्बां व देश के प्रति नागरिकों के कर्तव्यों को बताया। उन्होंने क्षेत्रवासियों से क्षेत्र में अमन, शांति व भाईचारा बनाये रखने की अपील करते हुए बताया कि बैबाही पुलिस आपकी सहायता हेतु सदैव तत्पर है। इस मौके पर उपनिरीक्षक मुकुटनाथ चौधरी, रामअधार यादव, हेड का0 सुभाष कुमार, प्रमोद कुमार, का0 धर्मेंद्र गौड़ व रंजीत कुमार सहित क्षेत्र के तमाम जनप्रतिनिधि व सम्भ्रान्त गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## रुपईडीहा में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रुपईडीहा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमा से सटे कस्बा नगर पंचायत रुपईडीहा में 77वां गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कस्बे की सभी सरकारी एवं निजी संस्थाओं में ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय पर्व को उल्लासपूर्वक मनाया गया। नगर पंचायत रुपईडीहा कार्यालय में प्रातः 8:30 बजे नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. उमाशंकर वैश्य द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसके पश्चात उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए जलपान की व्यवस्था की गई। वहीं रुपईडीहा थाना परिसर में थाना प्रभारी रमेश सिंह रावत ने ध्वजारोहण कर पुलिस बल के साथ गणतंत्र दिवस मनाया। एस एस बी चेक पोस्ट रुपईडीहा पर असिस्टेंट कमांडेंट प्रशांत भारद्वाज द्वारा प्रातः 9:30 बजे ध्वजारोहण किया गया।प्रेस टैक्सी स्टैंड पर रूपईडीहा पत्रकार संघ के अध्यक्ष संजय कुमार वर्मा तथा पूरी टीम के द्वारा झंडा रोहण किया गया।इसके अतिरिक्त रुपईडीहा कस्टम, टैक्सी स्टैंड, प्राथमिक विद्यालय रुपईडीहा, रुपईडीहा गांव, नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज, श्रीराम जानकी इंटर कॉलेज, प्राइमरी पाठशाला, वन विभाग कार्यालय, प्रॉमिस लैंड पब्लिक इंटर कॉलेज सहित कस्बे के सभी शिक्षण संस्थानों एवं सरकारी भवनों में भी झंडारोहण कर गणतंत्र दिवस मनाया गया। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, रुपईडीहा में भी ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय पर्व के प्रति अपनी सहभागिता दर्ज कराई गई। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर नगर पंचायत द्वारा पूरे कस्बे को दुल्हन की तरह सजाया गया। नगर पंचायत कार्यालय, स्टेशन रोड चौराहा सहित प्रमुख स्थानों पर झालरों व टेंट की आकर्षक सजावट की गई, जिससे पूरा कस्बा रोशनी से जगमगा उठा। चारों ओर उत्सव का माहौल रहा और लोग एक-दूसरे को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते नजर आए। राष्ट्रभक्ति और उल्लास के वातावरण में कस्बा रुपईडीहा ने 77वें गणतंत्र दिवस को यादगार रूप में मनाया।

## सीएचसी अधीक्षक को समिति ने भेंट किया नव वर्ष का कैलेंडर व डायरी

### सीएचसी अधीक्षक को दी नव वर्ष की शुभकामनाएं

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरदा अधीक्षक को आदर्श समाज सेवा समिति के द्वारा नव वर्ष के उपलक्ष्य में समिति का कैलेंडर व डायरी भेंटकर नववर्ष की शुभकामनायें दी गई। सीएचसी अधीक्षक चरदा डॉक्टर महेश विश्वकर्मा को समिति पदाधिकारियों अध्यक्ष प्रतिनिधि व वरिष्ठ पत्रकार संतोष मिश्रा, संगठन मंत्री बद्री सिंह व ब्लॉक अध्यक्ष नवाबगंज रामदीन गौतम के द्वारा नव वर्ष का कैलेंडर व डायरी पेन भेंटकर उन्हें समिति के द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष मिश्रा, प्रांतीय संगठन मंत्री बद्री सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष नवाबगंज रामदीन गौतम, युवा नेता उमेश गौतम, आदर्श मिश्रा, विजय मिश्रा सहित समिति के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## अपराधियों से सांठगांठ के आरोप में रुपईडीहा के चार सिपाही लाइन हाजिर

अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमा से सटे रुपईडीहा में जरायम पेशाओं से सांठगांठ के गंभीर आरोपों में घिरे थाना रुपईडीहा में तैनात चार पुलिसकर्मियों को पुलिस अधीक्षक बहराइच ने देर रात लाइन हाजिर कर दिया। यह कार्रवाई पुलिस विभाग की छवि को धूमिल करने और अपराधियों से कथित मिलीभगत की शिकायतों के बाद की गई है। पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी आदेश के अनुसार, थाना रुपईडीहा में तैनात मुख्य आरक्षी एवं आरक्षियों को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर किया गया है। आदेश में प्रभारी निरीक्षक रुपईडीहा को निर्देशित किया गया है कि संबंधित पुलिसकर्मियों को तत्काल पुलिस लाइन बहराइच भेजना सुनिश्चित करें। लाइन हाजिर किए गए पुलिसकर्मियों में मुख्य आरक्षी देवेंद्र यादव,मुख्य आरक्षी अभिषेक द्विवेदी,आरक्षी आशीष कुमार सिंह,आरक्षी कुलदीप दुबे शामिल हैं।

## गंगा एक्सप्रेसवे के तालाब में डूबकर बुजुर्ग महिला की मौत

### संग्रामगढ़ में मानक दरकिनार कर खोदा गया, लगातार बन रहे जानलेवा

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़, संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र में गंगा एक्सप्रेसवे के लिए खोदे गए एक तालाब में डूबकर एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। यह घटना कुंडा और लालगंज तहसील के अंतर्गत एक्सप्रेसवे निर्माण के लिए खोदे गए तालाबों में हो रही मौतों की श्रृंखला में नवीनतम है। संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के दखवापुर गांव निवासी 75 वर्षीय कैथहिन पत्नी छंगू सरोज सुबह नित्य क्रिया के लिए घर से निकली थीं। जब वह वापस नहीं लौटीं, तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। शनिवार सुबह गंगा एक्सप्रेसवे के लिए मिट्टी डंपिंग हेतु खोदे गए एक तालाब में बुजुर्ग महिला का शव उतराता हुआ मिला। ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।ग्रामीणों ने बताया कि गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण के लिए मिट्टी डंपिंग हेतु खोदे गए ये तालाब जानलेवा साबित हो रहे हैं। आरोप है कि ठेकेदारों ने अनुबंध के अनुसार तालाबों के चारों ओर बांध नहीं बनाए और न ही सीढ़ीनुमा खुदाई की। इस लापरवाही के कारण शौच आदि के लिए जाने वाले बच्चे, बुजुर्ग और जानवर गहरे पानी में फिसलकर डूब रहे हैं। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि इस गंभीर मामले पर एसडीएम ने भी चुप्पी साध रखी है।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)
स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह
समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह
समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।
मो. - 9838159555, 9935457982
E-mail address amanlekhaninews@gmail.com


समस्त जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
उन्नाव परिशिष्ट


शकुन सिंह
जिला पंचायत अध्यक्ष
शशांक शेखर सिंह
प्रतिनिधि जिलापंचायत अध्यक्ष
शिवेन्द्र सिंह 'गोलू'
ब्यूरो चीफ उन्नाव
प्रतिभा कुमार राजू श्रीवास्तव
नगर संवाददाता उन्नाव
शेरबहादुर सिंह
संवाददाता बीघापुर
नरेश मिश्रा
संवाददाता सुमेरपुर
आशू सोनी
संवाददाता पाटन
शरीफ खान
संवाददाता नवाबगंज
अयाज खान
संवाददाता, बांगरमऊ
कौशल किशोर
संवाददाता गंज मुरादाबाद
पथिक पाण्डेय
संवाददाता मौरावां
हरिओम
पत्रकार
लाले गौड़
समाजसेवी


भारतीय प्रजातंत्र एवं न्याय व्यवस्था के प्रतीक
गणतंत्र दिवस
की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
26 जनवरी 2026
बम्बा लाल दिवाकर विधायक
विधान सभा क्षेत्र सफीपुर, जनपद-उन्नाव (उ.प्र.)


R. S. GROUP OF EDUCATION
BANGARMAU UNNAO
WISH YOU A VERY HAPPY
Republic Day
"FOR THE BRIGHTER FUTURE"
NEW BLOCK OF SCHOOL BUILDING
ADMISSION OPEN
(PLAY GROUP TO XII)


A Unit of Siyaram Foundation
सियाराम हॉस्पिटल
डॉ. अरुण कुमार मिश्रा
MBBS
जनरल फिजीशियन
डॉ. अनुराग केसरवानी
ISO 9001 : 2015
आयुष्मान योजना कार्ड धारकों को सुविधा उपलब्ध
अम्बर राजपूत
I.C.U.
N.I.C.U.
X-Ray
Pathology
Medical Store


आदर्श नगर पंचायत सफीपुर की ओर से
समस्त नगरवासियों व क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती गरिमा बाजपेई
चेयरमैन, आ.न.पं. सफीपुर
सौरभ बाजपेई 'राजा बेटा'
प्रतिनिधि चेयरमैन, आ.न.पं. सफीपुर


समस्त जनपद एवं नगर वासियों को
गणतन्त्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
मेराज अहमद
प्रधान प्रतिनिधि
सरांय अख्त्यारपुर, सफीपुर-उन्नाव


समस्त जनपद एवं नगर वासियों को
गणतन्त्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
संजय चौरसिया
पूर्व प्रधान
बारीथाना, फतेहपुर चौरासी-उन्नाव


समस्त जनपद एवं नगर वासियों को
गणतन्त्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
मनोज
प्रधान
बीकामऊ, असोहा-उन्नाव


शकुन सिंह
शशांक शेखर 'सनी'
युवा भाजपा नेता
समस्त जनपद एवं क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
शिवेन्द्र सिंह 'गोलू'
समाजसेवी, उन्नाव
नरेन्द्र सिंह
समाजसेवी


शकुन सिंह
शशांक शेखर 'सनी'
युवा भाजपा नेता
समस्त जनपद एवं क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
शिवेन्द्र सिंह 'गोलू'
समाजसेवी, उन्नाव
मनीष सिंह
समाजसेवी


शकुन सिंह
शशांक शेखर 'सनी'
युवा भाजपा नेता
समस्त जनपद एवं क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
शिवेन्द्र सिंह 'गोलू'
समाजसेवी, उन्नाव
प्रभात सिंह
समाजसेवी


समस्त जनपद व क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
स्मृतिशेष
फतेहबहादुर सिंह
पूर्व चेयरमैन
अशोक सिंह
श्रीमती रमा सिंह
पूर्व ब्लाक प्रमुख- सफीपुर
आदित्य प्रताप सिंह


समस्त नगरवासियों व क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की
हार्दिक शुभकामनायें
बम्बा लाल दिवाकर
दिलीप कुमार 'गुड्डू मिश्रा'


समस्त जनपद एवं नगर वासियों को
गणतंत्र दिवस
व
महा शिवरात्रि
की हार्दिक शुभकामनाएं
सम्राट
कोल्ड ड्रिंक एजेंसी
सफीपुर - उन्नाव
सुनील चौरसिया
समाज सेवी


समस्त जनपद एवं क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. राम सहोदर
सी.एच.सी. अधीक्षक
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सफीपुर


सभी क्षेत्रवासियों को गणतत्र दिवस की बहुत बहुत शुभकामनाएँ
अभिषेक वर्मा
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. छांछीराई खेड़ा, वि.ख. सुमेरपुर, उन्नाव


समस्त नगर एवं क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
न्यू रामा शिव हास्पिटल
निकट शंकरी देवी मन्दिर, सफीपुर-उन्नाव
24 घण्टे इमरजेंसी सेवा उपलब्ध
24 घण्टे ऑपरेशन सुविधा उपलब्ध
24 घण्टे लेडीज डॉक्टर उपलब्ध
6393888607
6394138581
विशाल दीक्षित (एम.डी)


आप सभी को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत अधिकारी विमल कुमार
मनीराम प्रधान
ग्राम पंचायत ततियापुर, विकासखंड बांगरमऊ


आप सभी को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
रोहित सिंह
ग्राम पंचायत अधिकारी


आप सभी को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
डा दिवाकर वर्मा
प्रधान चहलहा


आप सभी को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
अभयेन्द सिंह
युवा भाजपा नेता / प्रधान
निबहरी नवाबगंज उन्नाव


आप सभी को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
अभिषेक कुमार
शिव फर्नीचर हाउस
लकड़ी मंडी भगवंत नगर उन्नाव


आप सभी को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
सत्येंद्र सिंह यादव
लाला खेड़ा उन्नाव
विधान सभा उपाध्यक्ष ( स० पा०)
166 भगवंत नगर प्रत्याशी जिला पंचायत सुमेरपुर द्वितीय


आप सभी को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
अमित सिंह सेंगर छोटू
जिला पंचायत सदस्य पद प्रत्याशी
वार्ड नंबर द्वितीय नवाबगंज
प्रियंका होटल रसूलपुर सोहरामऊ उन्नाव


आप सभी को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
अखिलेश प्रताप सिंह
जिला मंत्री
भाजयुमो उन्नाव


आप सभी को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
माँ दुर्गा पब्लिक स्कूल
प्रबन्धक : उमेश प्रताप सिंह सेंगर
फतेहउल्ला नगर, उन्नाव


आप सभी को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
आशीष कुमार मिश्रा
ग्राम विकास अधिकारी
विकास खण्ड : सफीपुर-उन्नाव


आप सभी को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
नारायण ट्रांसपोर्ट कं.
संचालक : बड़े यादव
सथनी बालाखेड़ा, उन्नाव


आप सभी को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
अविचल शुक्ला
युवा भाजपा नेता
166 विधानसभा भगवंत नगर उन्नाव

# संक्षेप

## ऑटो ड्राइवर की संदिग्ध मौत, शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी

आजमगढ़ जनपद के अतरौलिया थाना क्षेत्र के ग्राम शेखपुरा निवासी सुबोध सिंह (41 वर्ष) पुत्र शैलेंद्र सिंह का शव शुक्रवार सुबह मुबारकपुर थाना क्षेत्र के बिजरवा गांव के पास मिला। शव मिलने की सूचना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। परिजनों ने मौके पर पहुंचकर मृतक की पहचान सुबोध कुमार सिंह के रूप में की। मृतक तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर थे, जिनमें से एक भाई की पूर्व में ही मृत्यु हो चुकी है। उनके परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटियां और एक बेटा है बताया गया कि सुबोध सिंह ऑटो रिक्शा चलाकर परिवार का पालन-पोषण करते थे। वे 21 जनवरी की सुबह करीब 9 बजे घर से निकले थे, लेकिन उसके बाद घर नहीं लौटे। परिजनों द्वारा खोजबीन के बाद तीन दिन पहले अतरौलिया थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। शुक्रवार सुबह शव मिलने की सूचना पर मुबारकपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया गया। पुलिस मामले की गहन जांच-पड़ताल में जुटी हुई है।इधर, सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

## महिलाओं एवं बालिकाओं को किया गया जागरूक

आजमगढ़ में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ० अनिल कुमार के निर्देशन, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण /नोडल अधिकारी मिशन शक्ति चिराग जैन एवं पर्यवेक्षण अधिकारी आस्था जायसवाल, क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में अभियान संचालित किया गया। अभियान के अंतर्गत जनपद की समस्त एंटी रोमियो टीमों द्वारा पार्क, भीड़-भाड़ वाले स्थानों, बाजारों, मॉल्स एवं चिन्हित हॉट-स्पॉट स्थलों पर व्यक्तियों की चेकिंग की गई तथा निरोधात्मक कार्यवाही की गई।महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकत्री, बीसी सखी, लेखपाल, एएनएम, आशा वर्कर, ग्राम पंचायत अधिकारी एवं रोजगार सेवक के साथ समन्वय स्थापित कर ग्राम, वार्ड एवं न्याय पंचायत स्तर पर चौपाल लगाई गई। इस दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति केन्द्र, महिला हेल्पलाइन नंबर (1090, 181, 112 आदि), सरकारी योजनाओं, महिला सुरक्षा से संबंधित कानूनों एवं साइबर क्राइम से बचाव के संबंध में जागरूक किया गया।

## कैरटलेन ज्वैलरी शोरूम में छत के रास्ते करोड़ों की चोरी, डीआईजी व एसएसपी ने किया घटनास्थल का निरीक्षण

सहारनपुर। थाना सदर बाजार क्षेत्रांतर्गत दिल्ली रोड स्थित कैरटलेन ज्वैलरी शोरूम में 22/23 जनवरी 2026 की रात्रि अज्ञात चोरों ने छत के रास्ते प्रवेश कर बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र अभिषेक सिंह तथा पुलिस उपमहानिरीक्षक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर आशीष तिवारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का गहन निरीक्षण किया।

# शिक्षा के मंदिरों में जली गणतंत्र दिवस की सतत्तरवीं अलख

## सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थानों में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

अमन लेखनी समाचार

बिंदकी, फतेहपुर जनपद के बिंदकी तहसील अंतर्गत अनेक क्षेत्रों के प्राथमिक उच्च प्राथमिक विद्यालय में समेत मान्यता प्राप्त सरकारी तथा गैर सरकारी संस्थानों में देश का सर्वोच्च महापर्व गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया जनपद के देवमई विकासखंड अंतर्गत बैजनाथ माधुरी देवी मेमोरियल इंटर कॉलेज टरुआपुर में प्रधानाचार्य मनोरमा देवी तथा प्राथमिक विद्यालय जगदीशपुर में प्रधानाध्यापक सतीश चंद्र शिक्षिका कल्पना गौतम आदि की अगुवाई में नन्हे मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया वहीं जहानाबाद कस्बे में श्री सर्वशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से चल रहे एस एस निशुल्क शिक्षा केंद्र में झंडारोहण के पश्चात क्षेत्रीय जनपद तथा अंतर्जनपदीय कवियों का जमावड़ा रहा कार्यक्रम के समापन में समिति के अध्यक्ष प्रबंधक सचिव संरक्षक आदि



ने मिलकर नन्हे मुन्ने बच्चों को पठन-पाठन सामग्री वस्त्र इत्यादि देकर पुरस्कृत किया वही जहानाबाद के विकास विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तथा नगर पंचायत में अध्यक्ष समेत सभी कर्मचारियों ने झंडारोहण करते हुए गणतंत्र दिवस को महापर्व के रूप में मनाया

### अमौली विकासखंड में गणतंत्र की मची धूम

अमौली विकासखंड मुख्यालय परिसर अंतर्गत ब्लॉक संसाधन केंद्र में खंड शिक्षा अधिकारी श्रवण कुमार पाल खंड विकास अधिकारी सुरेश कुमार शिवहरे तथा ब्लॉक प्रमुख सुशीला सिंह ने झंडा रोहण किया वहीं हरी झंडी दिखा कर गणतंत्र रथ रवाना किया गया वहीं कंपोजिट विद्यालय अमौली में शिक्षिका सुगम कर्ता प्रतिमा उमराव के निर्देशन पर नन्हे मुन्ने बच्चों ने नुक्कड़ नाटक संस्कृतिक गीत प्रस्तुत किया ठीक इसी प्रकार क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय देवरी बुजुर्ग में शिक्षक प्रशांत पाण्डेय प्राथमिक विद्यालय बाबूपुर में प्रधानाध्यापक सर्वेश कुमार अवस्थी प्राथमिक विद्यालय तारापुर में प्रधानाध्यापिका मनीषा शुक्ला समेत सभी सरकारी तथा गैर सरकारी विद्यालयों में झंडारोहण किया गया वहीं बच्चों ने संस्कृतिक कार्यक्रमों ने मौजूदा शिक्षकों एवं युवाओं को भाव विभोर कर दिया अमौली विकासखंड के सिकंदरपुर गांव पहुंची ब्लॉक प्रमुख ने ध्वजारोहण किया जहां पहुंची मुख्य अतिथि का पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष अरविंद सिंह समेत सभी शिक्षकों ने भव्य स्वागत किया क्षेत्र के सभी शहीद स्थलों पर भी ध्वजारोहण किया गया जहां पहुंचकर थाना अध्यक्ष विनोद पटेल चौकी प्रभारी दिग्विजय सिंह आदि प्रशासनिक अधिकारियों ने मौजूदा जनमानस के साथ झंडारोहण कर शहीदों को सलामी दी अमौली कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अधीक्षक डॉक्टर पुष्कर कटियार तथा बाल विकास कार्यालय में सीडीपीओ अजय सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया गया

# धूमधाम से मनाया गया विकास विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में गणतंत्र दिवस

अमन लेखनी समाचार



बिन्दकी, फतेहपुर। विकास विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में 77वां गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ किया गया। ध्वजारोहण विद्यालय के प्रधानाचार्य इंद्रपाल उत्तम द्वारा किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के संचालक विवेक उत्तम, शिवकुमार तिवारी, सुशील बाजपेई सहित समस्त शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे कार्यक्रम के दौरान प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य इंद्रपाल उत्तम एवं संचालक विवेक उत्तम ने गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।अंत में सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को मिष्ठान वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

इस अवसर पर हिमांत किशोर श्रीवास्तव, नरेंद्र सिंह, दुर्गा प्रसाद कुशवाहा, निर्मित द्विवेदी, मनीष सिंह, प्रदीप सैनी, गोविंद सिंह, सीमा, रामकिशोर सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# बेहंदर में गणतंत्र दिवस पर निकली भव्य तिरंगा बाइक रैली

अमन लेखनी समाचार/ अभिषेक सिंह

कासिमपुर। बेहंदर क्षेत्र में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर देशभक्ति से ओत-प्रोत भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर युवाओं और ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला। तिरंगा रैली के तहत एक विशाल बाइक रैली निकाली गई, जो साफियापुर तिराहा से प्रारंभ होकर माड़र, सरेहरी होते हुए कासिमपुर पहुंची। पूरे मार्ग में भारत माता की जय, वंदे मातरम् और जय हिंद के नारों से वातावरण गूंज उठा। रैली में शामिल सभी बाइक सवारों के हाथों में तिरंगा झंडा लहरा रहा था, जिससे क्षेत्र में राष्ट्रभक्ति का संदेश प्रसारित हुआ। ग्रामीणों ने जगह-जगह रैली का स्वागत कर प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं में देश के प्रति प्रेम, संविधान के प्रति सम्मान तथा राष्ट्रीय एकता और अखंडता का भाव जागृत करना रहा। तिरंगा रैली का नेतृत्व सक्षम शुक्ला, संजीत यादव, अनुज यादव,



मंजेश ठाकुर, सचिन यादव, शिवम ठाकुर एवं गुड्डू कोटेदार ने किया। उनके साथ अनेक सहयोगी एवं क्षेत्रवासी भी सक्रिय रूप से शामिल रहे। आयोजकों ने कहा कि गणतंत्र दिवस केवल उत्सव का दिन नहीं, बल्कि संविधान की मयार्दा और लोकतांत्रिक मूल्यों को आत्मसात करने का अवसर है। रैली के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा का संकल्प लिया। यह आयोजन क्षेत्र में देशभक्ति और सामाजिक समरसता का प्रतीक बनकर उभरा।

# गुलामऊ समता पब्लिक इंटर कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया 77 वां गणतंत्र दिवस

अमन लेखनी समाचार

हरदोई।इस अवसर पर भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि देवेंद्र सिंह (बबलू) द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ, जिसे विद्यालय की प्रधानाचार्या नीलम सिंह द्वारा विधिवत संपन्न कराया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया गया, जिसमें उनके अनुशासन, एकरूपता एवं राष्ट्रभक्ति की भावना स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद संवाददाता आज समाचार पत्र एवं ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह (बबलू) रहे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में प्रवीण सिंह राजन, पल्लवी सिंह, पवन सिंह (काशीपुर) तथा राजेश सिंह (एम.डी., स्टेटस क्लब एंड रिसॉर्ट) की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि देवेंद्र सिंह (बबलू) ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में गणतंत्र दिवस



के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए संविधान के मूल्यों को अपनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि अनुशासन, राष्ट्रभक्ति और सामाजिक उत्तरदायित्व से ही सशक्त भारत का निर्माण संभव है। विद्यालय के प्रबंधक उदय कुमार सिंह ने समता ग्रामीण विकास संस्थान के दृष्टिकोण को प्रस्तुत करते हुए बताया कि संस्था का उद्देश्य व्यक्ति निर्माण के माध्यम से राष्ट्र उत्थान है। उन्होंने समय प्रबंधन, सकारात्मक ऊर्जा के उपयोग एवं शक्ति के केंद्रिकरण को जीवन एवं राष्ट्र निर्माण की सफलता का आधार बताया। सांस्कृतिक सत्र में ग्रुप फोक डांस के अंतर्गत पंजाबी, मराठी एवं राजस्थानी लोकनृत्यों की प्रस्तुतियों के माध्यम से भारत की अनेकता में एकता को प्रभावशाली ढंग से दशार्या गया। सोलो सिंगिंग में कक्षा 10 की भक्ति सिंह तथा सोलो डांस में कक्षा 11 की माही सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन अनन्य प्रताप सिंह द्वारा किया गया। अंत में प्रधानाचार्या नीलम सिंह ने सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

# नाली सफाई के अभाव में ठाकुरद्वारा मंदिर बना गंदगी का शिकार

अमन लेखनी समाचार/अभिषेक सिंह

कासिमपुर। बेहंदर ब्लॉक के ग्राम बड़ागांव स्थित प्राचीन ठाकुरद्वारा मंदिर परिसर में गंदी नालियों का पानी भरने से ग्रामीणों और श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नालियों की नियमित सफाई न होने के कारण खड़ंजे और मंदिर के आसपास जलभराव की स्थिति बन गई है, जिससे वहां से निकलना दूभर हो गया है। खासकर बारिश के दिनों में समस्या और गंभीर हो जाती है, वहीं दुर्गंध और गंदगी के कारण संक्रमण फैलने का खतरा भी बना रहता है। स्थानीय ग्रामीण विवेक सिंह, सुभाष चंद्र गुप्ता, पीयूष गुप्ता, दिनेश शंकर सिंह, संतोष गुप्ता सहित दर्जनों लोगों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित विभाग और उच्च अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है। बावजूद इसके अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि मंदिर में नियमित पूजा-अर्चना और धार्मिक आयोजनों के दौरान श्रद्धालुओं की



आवाजाही बढ़ जाती है, लेकिन गंदा पानी भरे रहने से श्रद्धालुओं को काफी दिक्कत होती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि नालियों की तत्काल सफाई कराई जाए और स्थायी समाधान के लिए उचित व्यवस्था की जाए, ताकि मंदिर परिसर स्वच्छ बना रहे और लोगों को राहत मिल सके। यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीण आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इस संबंध में बेहंदर बीडीओ बबीता गुप्ता से फोन के माध्यम करने का प्रयास किया गया तो उनका फोन नहीं उठा।

# गणतंत्र दिवस पर समाजसेवियों ने फहराया तिरंगा

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद। 77वें गणतंत्र दिवस पर समाजसेवी संस्था चैंपियन एसोसिएशन फॉर आइडियल मूवमेंट्स के पदाधिकारियों ने संजीवनी हॉस्पिटल के प्रांगण में 26 जनवरी का कार्यक्रम महामंत्री राजीव बाजपेई की अध्यक्षता में धूमधाम से मनाया गया।इस मौके पर अध्यक्ष डॉ एसपी खान के पिता मास्टर जाहिर ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और व्यवस्थापक आलोक पाठक,वैभव मिश्रा,महेंद्र राणा,सुमित पाठक आदि ने संबोधन में देशवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए देश की आजादी में शहीद हुए वीर सपूतों की कुबार्नी को स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया।कार्यक्रम में समाजसेवियों मे महेंद्र गुप्ता,शीवू,नीरज नरूला,दिनेश मिश्रा,इजहान, विवान आदि दर्जनों सदस्यों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए देश पर शहीद देशभक्तों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# कक्षा 8 की छात्रा की पूर्व माध्यमिक विद्यालय में मौत,परिजनों का हंगामा

अमन लेखनी समाचार

हरदोई जनपद के साण्डी थाना क्षेत्र में पूर्व माध्यमिक विद्यालय बघराई में कक्षा आठ की एक छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया परिजनों ने स्कूल में हंगामा काटा जिसके बाद पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पीएम को भेजा।मृतका के पिता का आरोप है कि बेटी के चोट का निशान है जबकि एएसपी ने बताया कि बीमारी के कारण उसे घर भेज दिया गया था जहां मौत हुई।फिलहाल परिजन मामले में जांच और कार्यवाई की मांग कर रहे है।परिजनों ने विद्यालय के शिक्षकों पर गंभीर आरोप लगाते हुए लापरवाही का आरोप लगाया है। स्कूल में ग्रामीणों और अधिकारियों के जमावड़े की यह तस्वीरें सांडी थाना क्षेत्र के बघराई गांव की है।पूर्व माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 8 की छात्रा दीपिका शर्मा जिसकी उम्र करीब 14 साल की है उसकी मौत के बाद परिजन अक्रोशित है।मृतका के पिता अरुण कुमार ने बताया कि उनकी पुत्री स्कूल आई थी जहां मौत हो गयी और उसको किसी ने बताया तक नही बल्कि किसी और ने उसको जानकारी दी।स्कूल में शिक्षक उसको बीमार बता रहे थे जबकि बेटी के चोट लगी थी।फिलहाल पिता मौत को संदिग्ध मानकर जांच पड़ताल कर कार्यवाई की बात कह रहे है।मौत की जानकारी मिलते ही मौके पर भारी संख्या में लोग आ गए सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए जांच शुरू की।घटनास्थल पर क्षेत्राधिकारी बिलग्राम व एसडीएम भी पहुंचे और परिजनों को समझाने का प्रयास किया।पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए छात्रा के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।एएसपी सुबोध कुमार गौतम ने बताया कि छात्रा बीमार थी उसको घर भेजा गया था जहां मौत हुई है।शव को पीएम के लिए भेजा गया है फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहन जांच में जुटी हुई है।

# अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में आठ लोग घायल

## दो की हालत गंभीर, कानपुर अस्पताल में चल रहा उपचार

अमन लेखनी समाचार

बिंदकी, फतेहपुर। तीन अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में कुल आठ लोग घायल हो गए बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बावन इमली शहीद स्मारक के समीप सोमवार को दिन में करीब 3:00 बजे दो बाइको में तेज टक्कर हो गई। जिसके चलते एक बाइक में सवार नूरुल हसन पुत्र गुलाम मोहम्मद निवासी ग्राम मिस्सी कोतवाली बिंदकी जनपद फतेहपुर तथा दूसरी बाइक में सवार आदर्श पुत्र मुन्ना सिंह व शिवांश सिंह पुत्र बृजेंद्र सिंह दोनों निवासी ग्राम नौधी खेड़ा कोतवाली बिंदकी जनपद फतेहपुर घायल हो गए।दुर्घटना के बाद हडकंप मचा रहा। तीनों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी में भर्ती कराया गया। जिसमें नूरुल हसन तथा आदर्श सिंह की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार बाद हैलट अस्पताल



कानपुर के लिए रेफर कर दिया। इसी प्रकार ललौली थाना क्षेत्र के अंतर्गत बरगदिहा पुल मोड़ के समीप सोमवार को दिन में करीब 2:00 बजे बिंदकी-ललौली मुख्य मार्ग में तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक की टक्कर से साइकिल सवार छात्र अमन उम्र लगभग 15 वर्ष पुत्र राम सजीवन निवासी ग्राम बनियानी थाना ललौली जनपद फतेहपुर गंभीर घायल हो गया। घायल छात्र को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी में भर्ती कराया गया। इस मामले में एक घायल छात्र अमन के पिता राम सजीवन ने बताया कि उनका पुत्र अमन कोतवाली बिंदकी क्षेत्र के अंतर्गत शहबाजपुर गांव स्थित सरदार इंटर कॉलेज सरदार पटेल इंटर कॉलेज में कक्षा 9 का छात्र है। वह गणतंत्र दिवस के मौके पर अपने कॉलेज गयाथा। गणतंत्र दिवस कार्यक्रम समाप्त होने के बाद वह साइकिल द्वारा गांव बनियानी वापस आ रहा था तभी रास्ते में बाइक सवार ने टक्कर मार दी जिसके चलते उनका पुत्र गंभीर घायल हो गया है। इसी प्रकार बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के कोरवा गांव की महिलाएं राम श्री देवी उम्र लगभग 60 वर्ष पत्नी स्वर्गीय राज बहादुर, सुनीता देवी उम्र 40 वर्ष पत्नी वीरेंद्र, रामरती देवी उम्र 45 पर पत्नी ? छन्ना ? व रामदेवी उम्र 35 वर्ष पत्नी विनय कुमार सोमवार को खेतों की ओर गई थी। सोमवार को दिन में करीब 3:00 बजे चारों महिलाएं खेत से बिंदकी जोनिहा मुख्य रोड के किनारे किनारे अपने घरों को पैदल लौट रही थी। तभी गुलाब की चक्की के पास अनियंत्रित तेज रफ्तार बाइक चालक ने टक्कर मार दिया जिसके चलते चारों महिलाएं घायल हो गई। दुर्घटना के बाद हड़काम मचा रहा चारों महिलाओं को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी में भर्ती कराया गया। इस मामले में वीरेंद्र सिंह सविता पुत्र बुधराज सविता ने पुलिस को तहरीर देकर बाइक चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया है की बाइक में चालक के अलावा दो अन्य लोग भी बैठे थे। पुलिस ने इस मामले में जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# युवक की मध्य प्रदेश के मुरैना जनपद में विद्युत करंट की चपेट में आने से मौत

अमन लेखनी समाचार

जानकारी के अनुसार, इकनौरा निवासी अनूप (28) पुत्र रामनाथ बीते 22 जनवरी को मजदूरी के लिए मध्य प्रदेश के मुरैना जिले के नूराबाद क्षेत्र स्थित बरांडा गांव गया था। वहां वह ट्रैक्टर-ट्रॉली से सरसों का भूसा ढोने का कार्य कर रहा था।रविवार दोपहर कार्य के दौरान ट्रैक्टर-ट्रॉली ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आ गई। वाहन में करंट उतरने के कारण चालक अनूप उसकी चपेट में आ गया और मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई।परिजनों ने बताया कि मृतक के दो भाई पहले से ही वहां ट्रैक्टर चलाने का कार्य करते थे, जबकि अनूप पहली बार इस काम के लिए बाहर गया था। जाने से एक दिन पूर्व ही वह अपनी पत्नी और बच्चों को उनके मायके छोड़ कर आया था।सात वर्ष पूर्व अनूप का विवाह पूजा के साथ हुआ था। वह अपने पीछे माता-पिता, पत्नी सहित एक पुत्र व एक पुत्री को रोता-बिलखता छोड़ गया है। तीन भाइयों और एक बहन में अनूप दूसरे स्थान पर था।

## अंतिम विदाई बन गई मायके की विदाई

अनूप की मौत की खबर ने परिवार ही नहीं, बल्कि उसके ससुराल पक्ष को भी झकझोर कर रख दिया है। परिजनों ने बताया कि मजदूरी के लिए मध्य प्रदेश रवाना होने से ठीक एक दिन पहले अनूप अपनी पत्नी पूजा और दोनों बच्चों को उनके मायके छोड़ कर आया था।

# दो बाइकों की भीषण टक्कर में छात्र की दर्दनाक मौत

अमन लेखनी समाचार

बिंदकी/फतेहपुर, कोतवाली बिंदकी क्षेत्र के ललौली रोड स्थित कैलाश मंदिर के सामने सोमवार दोपहर करीब 12:30 बजे दो बाइकों की आमने-सामने भीषण टक्कर हो गई, जिसमें एक बाइक सवार छात्र की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। मृतक की पहचान हिमांशु पाल (18 वर्ष) पुत्र सुभाष पाल, निवासी ग्राम टकौली, थाना जहानाबाद, जनपद फतेहपुर के रूप में हुई है। गंभीर हालत में स्थानीय लोगों की मदद से उसे एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।हादसे की सूचना मिलते ही



पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी, जिसके बाद परिवार में कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिजन और ग्रामीण अस्पताल पहुंच गए।बताया जा रहा है कि मृतक हिमांशु पाल विकास विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, जहानाबाद में कक्षा 11वीं (बी सेक्शन) का छात्र था। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार वह अपने दोस्तों के साथ बाइक से बिंदकी कस्बा घूमने आया था, तभी तेज रफ्तार दूसरी बाइक से जोरदार टक्कर हो गई।स्थानीय लोगों का कहना है कि दोनों बाइकें तेज गति में थीं, जिससे टक्कर इतनी भीषण हुई कि छात्र को संभलने का मौका तक नहीं मिला। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।इस दर्दनाक हादसे से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है और सड़क सुरक्षा को लेकर फिर सवाल खड़े हो गए हैं।

# नवनिर्मित सड़कों के पानी की निकासी को लेकर ठेकेदार द्वारा हठधर्मिता दिखाने की कॉलोनीवासियों ने डीएम से की शिकायत

अमन लेखनी समाचार

नगीना । कॉलोनी वासियों ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर ठेकेदार द्वारा कॉलोनी की नवनिर्मित सड़कों के पानी की निकासी को लेकर ठेकेदार द्वारा हठधर्मिता दिखाने की शिकायत कर नियमित रूप से पानी की निकासी कराए जाने की मांग की है। स्थानीय मौहल्ला-सेवावाली गाँवड़ी (फ्रेन्डस) कॉलौनी वासियो ने हस्ताक्षर युक्त जिलाधिकारी को भेजें शिकायती पत्र में कहा है कि मौहल्ले में उत्तर-दक्षिण लम्बा रास्ता है, जिस पर प्रार्थीगणो का बरसाती व इस्तेमाली पानी 20 वर्षों से दक्षिण दिशा की ओर को होकर बहता चला आ रहा है। उक्त रास्ते को नियत प्राधिकारी, विनियमित क्षेत्र नगीना द्वारा पुख्ता रास्ता बनाया जा रहा है जो उनके बरसाती व इस्तेमाली पानी की दिशा बदलकर उत्तर दिशा को करने का प्रयासरत है। यदि उत्तर दिशा को किया गया तो हम लोगो को हानि होगी, जिसकी पूर्ति किसी भी सूरत में नहीं हो सकेगी। क्योंकि मधु पत्नि अभिषेक कुमार, रेशू राजपूत पत्नि हर्षवर्धन, राजीव कुमार पुत्र विनयदेव राजपूत, आनन्द कुमार पुत्र कृपाल सिंह, पूनम रानी पत्नि स्व० दिग्विजय सिंह, आदि के मकान के रास्ते के दोनों तरफ मकानों की नींव में पानी भर जायेगा, जिससे मकानों के गिरने की सम्भावना उत्पन्न हो जायेगी तथा इस कृत्य से कोई भी जनहानि होना सम्भव है तथा नाली बनने से रास्ता तंग / संकरा हो जायेगा। जिससे हम कॉलोनी वासियों एवं आम नागरिकों को आवागमन में अवरोध उत्पन्न हो जायेगा। इस कारण नियत प्राधिकारी, विनियमित क्षेत्र नगीना द्वारा उक्त रास्ते पर किये जा रेह निर्माण को रुकवा कर पहले से बह रहे पानी की निकासी कराई जाने की मांग की। शिकायतकताओं क्या कहना है कि पिछले 20 वर्षों से इस सड़क का पानी नेशनल हाईवे की तरफ को बेहतर आ रहा है लेकिन कुछ प्रभावशाली लोगों के दबाव में ठेकेदार रामकुमार यादव जबरन हम लोगों के मकान की तरफ को नाली के पानी की निकासी करना चाहता है

**खबर संक्षेप**

### इंडिगो ने 16 एयरपोर्ट्स पर 717 फ्लाइट स्लॉट्स छोड़े

**नई दिल्ली।** कल की बड़ी खबर इंडिगो से जुड़ी रही। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने भारत के अलग-अलग डोमेस्टिक एयरपोर्ट्स पर अपने 717 स्लॉट्स सरेंडर कर दिए हैं। वहीं देश की सबसे बड़ी सीमेंट निर्माता कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट का वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में कंसॉलिडेटेड नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 26.8% बढ़कर 1,729.44 करोड़ रुपए रहा।

### अदाणी विदेशी कंपनी के साथ विमान बनाएंगे

**नई दिल्ली।** अदाणी समूह और ब्राजील की प्रमुख एयरोस्पेस कंपनी एम्ब्रेयर अगले सप्ताह भारत में नागरिक विमानों के लिए एक 'फाइनल असेंबली लाइन' (विमानों को जोड़ने और तैयार करने की इकाई) स्थापित करने की योजना की घोषणा करेंगे। भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते नागर विमानन बाजारों में से एक है। एयरलाइंस द्वारा बेड़े का विस्तार करने और नए हवाई अड्डों के निर्माण के कारण हवाई यातायात की मांग लगातार बढ़ रही है।

## रूस से कच्चे तेल की खरीदारी के लिए लगाया 25% टैरिफ

# ट्रंप के टैरिफ से भारत का एक्सपोर्ट प्रभावित, कई सेक्टर पर पड़ा असर


**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली:**

अमेरिका ने भारत पर 50% टैरिफ लगाया है। इसमें 25% रूस से कच्चे तेल की खरीदारी के लिए लगाया गया है। इससे भारत का एक्सपोर्ट बुरी तरह प्रभावित हुआ है। सबसे ज्यादा मार रत्न एवं आभूषण सेक्टर पर पड़ी है। साथ ही कई दूसरे सेक्टर्स का एक्सपोर्ट भी प्रभावित हुआ है। अमेरिका भारत का सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर है लेकिन दोनों देशों के बीच ट्रेड डील पर बातचीत भी फिलहाल अटकी हुई है। जानिए किस सेक्टर को कितना नुकसान हुआ है।

मिनिस्ट्री ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के मुताबिक नवंबर, 2024 से नंवबर, 2025 के बीच अमेरिका को पर्ल्स, गोल्ड सिल्वर, जेम्स, जूलरी और कॉइन्स के एक्सपोर्ट में 161 मिलियन डॉलर की गिरावट आई है। इसी तरह आयरन एंड स्टील का एक्सपोर्ट इस दौरान 44 मिलियन डॉलर गिर गया है। फिश और अन्य सीफूड में एक साल के दौरान 35 फीसदी गिरावट आई है।

अमेरिका को एतसपोर्ट

इसी तरह प्लास्टिक के उत्पादों का एक्सपोर्ट नवंबर, 2024 से नवंबर 2025 के बीच 27 मिलियन डॉलर कम हुआ है। इस दौरान बिल्डिंग मटीरियल्स के एक्सपोर्ट में 23 मिलियन डॉलर की कमी आई है जबकि नेचुरल गम और प्लांट एक्सट्रैक्ट्स का एक्सपोर्ट 18 मिलियन डॉलर गिर गया है। इंडस्ट्रियल टेक्सटाइल्स और ट्रीटेड फैबरिक्स का एक्सपोर्ट भी 13 मिलियन डॉलर कम हुआ है।



**अमेरिका और भारत के बीच ट्रेड डील पर बातचीत फिलहाल रुकी हुई है। अमेरिका ने भारतीय सामान पर सबसे ज्यादा 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। इसमें 25 फीसदी का टैरिफ रूस से कच्चे तेल का आयात करने के लिए लगाया गया है। जानिए इससे किस सेक्टर पर सबसे ज्यादा मार पड़ी है?**

### अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल की भारत यात्रा से पहले सिएटल में बैठक

**सिएटल/न्यूयार्क।** वाशिंगटन राज्य से अब तक के सबसे बड़े व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल की भारत यात्रा से पहले, सिएटल में आयोजित एक कारोबारी बैठक में एआई, कृषि प्रौद्योगिकी, क्वांटम और स्वास्थ्य सेवा जैसे क्षेत्रों में निवेश के अवसरों पर जोर दिया गया। यह व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भारत और अमेरिकी प्रशांत उत्तर-पश्चिम क्षेत्र के बीच आर्थिक संबंधों को गहरा करने के प्रयासों के तहत इसी सप्ताह भारत का दौरा करेगा। सिएटल स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने मोंटाना वर्ल्ड अफेयर्स काउंसिल और प्रौद्योगिकी कंपनी जोहो के साथ साझेदारी में शनिवार को बेल हार्बर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस सेंटर में 'इन्वेस्ट इंडिया बिजनेस फोरम' के दूसरे संस्करण की मेजबानी की। इस मंच में सिएटल क्षेत्र की कई बहुराष्ट्रीय कंपनियों के सीईओ और वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। सिएटल दूतावास ने कहा, ''कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), फोटोनिक्स, क्वांटम कंप्यूटिंग, कृषि-प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा और उच्च शिक्षा के प्रमुख उद्योग विशेषज्ञों ने भारत में इन क्षेत्रों में निवेश के अवसरों और संभावनाओं पर विस्तृत प्रस्तुति दी।

## इस सप्ताह भी रहेगा उतार-चढ़ाव अच्छे पोर्टफोलियो में करें निवेश

**एजेंसी ▶▶ मुंबई**

देश में 26 जनवरी को 77वां गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रीय अवकाश के मौके पर आज भारतीय शेयर बाजार में कोई कामकाज नहीं हुआ।

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज दोनों ही पूरे दिन के लिए बंद रहेंगे। इक्विटी सेगमेंट के साथ-साथ डेरिवेटिव और एसएलबी सेगमेंट में भी छुट्टी रहेगी। अब बाजार मंगलवार 27 जनवरी को खुलेगा। शेयर बाजार के साथ-साथ देश का सबसे बड़ा कमोडिटी एक्सचेंज भी बंद रहा। सुबह और शाम, दोनों ही सत्रों (मॉर्निंग और इवनिंग सेशन) में ट्रेडिंग नहीं होगी। आमतौर पर कुछ छुट्टियों पर शाम का सत्र खुला रहता है, लेकिन गणतंत्र दिवस के मौके पर पूरे दिन के लिए ट्रेडिंग स्थगित रखी गई है। करेंसी और डेट मार्केट में भी कारोबार नहीं हुआ। करेंसी डेरिवेटिव्स सेगमेंट और इलेक्ट्रॉनिक डेट प्रॉमिसरी नोट्स (EDP) मार्केट में भी आज कोई हलचल नहीं होगी। आरबीआई के कैलेंडर के मुताबिक, बैंकिंग सेक्टर में भी नेशनल हॉलिडे है, जिसके कारण इंटरबैंक कॉल मनी मार्केट और फॉरेक्स मार्केट में भी कामकाज बंद रहेगा। गणतंत्र दिवस साल की पहली बड़ी छुट्टी है। इसके बाद आने वाले महीनों में होली (03 मार्च) और गुड फ्राइडे (3 अप्रैल) जैसे मौकों पर भी शेयर बाजार में ट्रेडिंग बंद रहेगी। निवेशकों को सलाह दी जाती है कि वे अपने पोर्टफोलियो और पेंडिंग ऑर्डर्स को इन छुट्टियों के कैलेंडर के हिसाब से ही मैनेज करें।



**मंगलवार को बाजार की नजर इन फैक्टर्स पर रहेगी**

जब मंगलवार को बाजार खुलेगा, तो निवेशकों की नजर रिलायंस इंडस्ट्रीज, अडाणी ग्रुप के शेयरों और हाल ही में आए तिमाही नतीजों पर रहेगी। इसके अलावा ग्लोबल मार्केट के संकेत और क्रूड ऑयल की कीमतें भी बाजार की दिशा तय करेंगी। बजट सत्र के नजदीक होने के कारण भी बाजार में अगले हफ्ते उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। इससे पहले शेयर मार्केट में शुक्रवार यानी 23 जनवरी को गिरावट रही थी।

## छोटी कारों की मांग में तेजी बनी रहेगी या नहीं, यह कहना अभी जल्दबाजी : एमडी

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

उपभोक्ताओं का झुकाव अभी भी मुख्य रूप से एसयूवी खरीदने की ओर है और यह कहना अभी जल्दबाजी होगी कि जीएसटी कटौती के बाद छोटी कारों की मांग में जो तेजी देखी गई है, वह आगे भी बरकरार रहेगी या नहीं।

टायर निर्माता कंपनी सिएट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अर्नब बनर्जी ने यह बात कही। उन्होंने पीटीआई-भाषा के साथ बातचीत में बताया कि हालांकि जीएसटी कटौती ने बाजार को एक गति दी है, लेकिन कंपनी चालू वित्त वर्ष के लिए दहाई अंकों की वृद्धि के अपने पुराने अनुमान पर ही कायम है। कंपनी विशेष रूप से कृषि और दोपहिया टायरों के लिए




ग्रामीण बाजारों पर ध्यान केंद्रित कर रही है। यात्री कार खंड में जीएसटी कटौती के प्रभाव और छोटी कारों की मांग जारी रहने के सवाल पर बनर्जी ने कहा कि अभी इस बारे में कुछ भी कहना समय से पहले होगा क्योंकि कुल मिलाकर ग्राहकों का रुझान अभी भी एसयूवी की तरफ बना हुआ है। पिछले कुछ वर्षों में यात्री कार श्रेणी में एसयूवी की बिक्री सबसे आगे रही है, जबकि किफायती न होने के कारण छोटी कारों की बिक्री में गिरावट देखी गई थी। साल 2025 में भी भारत में बिकने वाले कुल यात्री वाहनों में एसयूवी की हिस्सेदारी 2024 के 53.8 प्रतिशत से बढ़कर 55.8 प्रतिशत हो गई, हालांकि जीएसटी कटौती के बाद छोटी कारों में भी सुधार के कुछ संकेत दिखे हैं। बनर्जी ने कहा कि हमें अभी एक और तिमाही तक इंतजार करना होगा ताकि यह देखा जा सके कि वाहन निर्माता जिस ढांचागत बदलाव को महसूस कर रहे हैं, क्या वह पूरी तरह से बदल जाएगा। अगर ऐसा होता है, तो छोटे आकार के टायरों की मांग फिर से बढ़ेगी।

उन्होंने आगे कहा कि पुराने टायरों को बदलकर नया टायर लगाने वाले बाजार में ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंच होने के कारण कंपनी को लाभ होगा। आने वाली तिमाही में गर्मियों का सत्र शुरू हो जाएगा और मार्च से जून का समय आमतौर पर कंपनी के लिए बेहतर कारोबार वाला होता है।

### अमेरिका से अफ्रीका तक भारतीय बाइक्स की धूम

**नई दिल्ली।** साल 2025 भारतीय मोटरसाइकिलों के लिए बहुत अच्छा रहा। भारत से मोटरसाइकिलों का निर्यात पिछले साल के मुकाबले 27% बढ़कर अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया। 2025 में कुल 43 लाख मोटरसाइकिलों का निर्यात हुआ, जो महामारी के बाद सबसे ज्यादा है। साल 2025 में, कुल मोटरसाइकिल निर्यात में बजाज ऑटो का हिस्सा 43% और टीवीएस मोटर का हिस्सा 29% रहा। यानी, इन दोनों कंपनियों ने मिलकर करीब 72% निर्यात किया। बजाज की मोटरसाइकिलों का निर्यात 2024 में 16 लाख यूनिट से बढ़कर 2025 में 19 लाख यूनिट हो गया।




## बॉट्स और एआई से की 734 करोड़ रुपये की हेराफेरी!

- ऑनलाइन गेमिंग ऐप विंजो पर ईडी का शिकंजा

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

ऑनलाइन गेमिंग ऐप विंजो की मुश्किलें बढ़ गई हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रविवार को कहा कि उसने विंजो और इसके प्रमोटर्स के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि कंपनी द्वारा गेम के एल्गोरिदम में हेरफेर करने के लिए 'बॉट्स' और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का इस्तेमाल किए जाने के कारण यूजर्स ने 734 करोड़ रुपये गंवा दिए। आधिकारिक बयान के अनुसार, ईडी के बेंगलुरु क्षेत्रीय कार्यालय ने 23 जनवरी को धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत मामलों की सुनवाई के लिए निर्दिष्ट स्थानीय अदालत में शिकायत दायर की। विनजो प्राइवेट लिमिटेड कंपनी, इसके निदेशक - पवन नंदा और सौम्या सिंह राठौर - तथा इसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियां, जिनमें विदेश स्थित कंपनियां भी शामिल हैं, जैसे विनजो यूएस इंक, विनजो एसजी प्राइवेट लिमिटेड और जेडओ प्राइवेट लिमिटेड, को आरोपपत्र में आरोपी के रूप में नामजद किया गया है। ईडी ने बताया कि विनजो अपने मोबाइल ऐप्लिकेशन के माध्यम से 100 से अधिक गेम संचालित करता था और दावा किया जाता था कि इसके लगभग 25 करोड़ उपयोगकर्ता थे, जिनमें से अधिकतर छोटे शहरों से थे। हालांकि, कंपनी का दावा है कि जांच में पाया गया कि अधिकांश आरएमजी (रिमोट मैनेजमेंट सिस्टम) में हेरफेर किया गया था। गेम कोडबेस, थर्ड-पार्टी डेवलपर समझौतों और आंतरिक संचार के विश्लेषण से पता चलता है कि दिसंबर 2023 तक, आरएमजी में बॉट्स, एआई और एल्गोरिदम प्रोफाइल 'एम्बेडेड' किए गए थे। आरोपपत्र में यह भी आरोप लगाया गया कि कंपनी द्वारा अपराध से अर्जित रकम को अमेरिका और सिंगापुर में बनाई गई फर्जी कंपनियों के माध्यम से धनशोधन किया गया था। ईडी ने पिछले साल विनजो और इसके प्रमोटर्स के परिसरों पर छापेमारी की थी और नंदा और राठौर को गिरफ्तार किया था। राठौर फिलहाल जमानत पर है।




**कैसे की हेराफेरी?**

केंद्र सरकार ने अगस्त 2025 में भारत में रियल मनी गेमिंग ऐप पर प्रतिबंध लगा दिया। केंद्रीय एजेंसी ने कहा, 'रियल मनी गेमिंग (आरएमजी) सेवाएं प्रदान करने के लिए, कंपनी उपयोगकर्ताओं से सट्टेबाजी की राशि का एक निश्चित प्रतिशत कमीशन के रूप में वसूलती थी। कंपनी ने अपने उपयोगकर्ताओं को यह भी आश्वासन दिया था कि उसका गेमिंग प्लेटफॉर्म किसी भी बॉट (कंप्यूटर-नियंत्रित पात्र) से मुक्त है, पारदर्शी और सुरक्षित है।'

## डबल पेनल्टी खत्म करने जैसे प्रस्तावों पर नजर

- पति-पत्नी को संयुक्त टैक्स रिटर्न का विकल्प देने पर विचार संभव

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

आम बजट में मध्यम वर्ग और टैक्स पेयर्स को राहत मिलने की उम्मीद है। पति-पत्नी को संयुक्त रूप से इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने का विकल्प देने पर विचार हो सकता है। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया ने सुझाव दिया है कि शादीशुदा जोड़ों को अलग-अलग रिटर्न के बजाय एक रिटर्न की सुविधा मिले, जिसमें टैक्स स्लैब और छूट संयुक्त रूप से लागू हों। हालांकि यदि पति-पत्नी दोनों वर्किंग है तो अलग-अलग रिटर्न फाइल करने का विकल्प भी होगा। संयुक्त रिटर्न फाइल करने पर वे तब विचार कर सकते हैं जब उन्हें इसका फायदा मिल रहा हो। सुझाव के पीछे तर्क यह है कि भारत में बड़ी संख्या में ऐसे परिवार हैं, जहां आय का मुख्य स्रोत केवल एक व्यक्ति है। मौजूदा व्यक्तिगत टैक्स स्लैब के चलते इन परिवारों को सीमित छूट का ही फायदा मिल पाता है। संयुक्त टैक्स सिस्टम लागू होने से पति-पत्नी की आय जोड़कर टैक्स गणना हो सकेगी, जिससे टैक्स स्लैब और छूट बढ़ सकती है। अमेरिका जैसे देशों में यह व्यवस्था पहले से लागू है। इसके साथ ही बजट में आयकर कानून के तहत कुछ मामलों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने का प्रस्ताव आ सकता है। सुझाव है कि टैक्स पेयर्स चार्टर की भावना के अनुरूप टैक्स-पेयर को ईमानदार माना जाए और आपराधिक कार्रवाई केवल उन्हीं मामलों में हो, जहां आय छिपाने, गलत रिपोर्टिंग या जानबूझकर नाजायज फायदा लेने के स्पष्ट सबूत हों। जन विश्वास एक्ट के तहत पहले ही कुछ मामलों में आपराधिक धाराएं हटाई जा चुकी हैं। ओल्ड टैक्स रिजीम तुरंत खत्म होने की संभावना कम है, लेकिन सरकार लॉन्ग टर्म फेज आउट को लेकर संकेत दे सकती है। बजट में सनसेट क्लॉज जैसी व्यवस्था का इशारा मिल सकता है। इसके साथ ही न्यू टैक्स रिजीम को और आकर्षक बनाने पर जोर रह सकता है। एक गलती पर दो-दो जुर्माना लगाने की व्यवस्था खत्म करने का संकेत भी है। फिलहाल गलत रिपोर्टिंग या गलत एंट्री पर अलग-अलग धाराओं में 200 प्रतिशत तक टैक्स पेनल्टी लग जाती है। सुझाव है कि पेनल्टी को गलती की गंभीरता के अनुसार तर्कसंगत बनाया जाए। आगे ऐसे मामलों में राहत मिल सकती है, जहां टैक्स कटा लेकिन समय पर जमा नहीं हो पाया।




**एलपीजी के मर्जर-डिमर्जर पर टैक्स राहत संभव**

कारोबार को आसान बनाने की दिशा में सरकार लिमिटेड लायबिलिटी पार्टनरशिप के पुनर्गठन पर टैक्स न लगाने पर भी विचार कर सकती है। कंपनियों की तरह एलपीजी के मर्जर या डिमर्जर को टैक्स न्यूट्रल बनाने से स्टार्टअप्स और छोटे कारोबार को फायदा मिलने की उम्मीद है।

### मेनबोर्ड से शैडोफैक्स की 28 जनवरी को लिस्टिंग होगी

**मुंबई।** शेयर बाजार में इस हफ्ते प्राइमरी मार्केट काफी व्यस्त रहने वाला है। निवेशकों के पास एक साथ कई कंपनियों के शेयरों में पैसा लगाने का मौका होगा।


इस हफ्ते एसएमई सेगमेंट में 5 नए आईपीओ कुल 226 करोड़ रुपए से ज्यादा जुटाने वाले हैं। साथ ही 5 कंपनियां लिस्ट होने वाली हैं, जिनमें सिर्फ शैडोफैक्स टेक्नोलॉजीज मेनबोर्ड से है। बाजार में हल्की तेजी की उम्मीद है, लेकिन ग्रे मार्केट में शैडोफैक्स टेक्नोलॉजीज को कोई प्रीमियम नहीं मिल रहा। पिछले कुछ समय से आईपीओ मार्केट में दिख रही तेजी इस हफ्ते भी जारी रहने की उम्मीद है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि लिक्विडिटी और निवेशकों के उत्साह के चलते इन इश्यूज को अच्छा रिस्पॉन्स मिल सकता है। स्टील फाइबर प्रोडक्ट्स बनाने वाली कंपनी कस्तूरी मेटल कम्पोजिट का आईपीओ 27 को खुलेगा।

## अब आधार में फिंगरप्रिंट की जगह चेहरे से होगी पहचान

- हर महीने 100 करोड़ ऑथेंटिकेशन का टारगेट
- एआई और क्वांटम तकनीक से सुरक्षा बढ़ेगी

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

सरकार ने आधार के तकनीकी ढांचे में बड़े बदलाव की तैयारी शुरू कर दी है। 'आधार विजन 2032' दस्तावेज तैयार हो गया है। इसमें एआई, क्लाउड कंप्यूटिंग, ब्लॉकचेन और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी तकनीकों को अपनाने की सिफारिश की गई है। मकसद आधार को तेज, सुरक्षित और फ्रॉड-फ्री बनाना है। नई व्यवस्था में फिंगरप्रिंट की जगह फेशियल रिकग्निशन प्राथमिक माध्यम होगा। आधार के सीईओ भुवनेश कुमार ने कहा कि विजन 2032 का लक्ष्य है, लेकिन तैयारी उससे आगे की तकनीक को ध्यान में रखकर हो रही है। एआई और क्वांटम कंप्यूटिंग से तकनीकी परिदृश्य तेजी से बदल रहा है।



**तीन प्रमुख बदलाव :** रोज लगभग 9 करोड़ आधार ऑथेंटिकेशन होते हैं। इसमें करीब 1 करोड़ फेस ऑथेंटिकेशन के जरिए होते हैं। सरकार का लक्ष्य हर महीने 100 करोड़ ऑथेंटिकेशन फेस रिकग्निशन से करना है। एआई सिस्टम से समय-समय पर फेशियल रिकग्निशन अपडेट होगा और बार-बार बायोमैट्रिक देने की जरूरत नहीं पड़ेगी। सरकार दिसंबर तक 5 करोड़ बच्चों और किशोरों का बायोमैट्रिक अपडेट कर चुकी है।

### भारत और ईयू में ट्रेड डील पर बैठक आज

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार यूरोपियन यूनियन (ईयू) के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) का ऐलान मंगलवार को भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन में होगा। गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए ईयू के शीर्ष नेता दिल्ली में हैं। कॉमर्स ऐंड इंडस्ट्री मिनिस्टर पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि दोनों पक्ष एक-दूसरे के लिए फायदेमंद फ्री ट्रेड एग्रीमेंट करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इससे दोनों पक्षों के बिजनेस और लोगों की तरक्की होगी। सूत्रों के मुताबिक, इस समझौते से कृषि, डेयरी और पर्यावरण से जुड़े कुछ मुद्दों को अलग रखा गया है। गणतंत्र दिवस समारोह और इंडिया-ईयू समिट के लिए यूरोपियन काउंसिल के अध्यक्ष एंटोनियो लुइस सैंटोस दा कोस्टा रविवार को नई दिल्ली पहुंचे। काउंसिल ने कहा, 'मंगलवार को इंडिया-ईयू समिट के लिए प्रेजिडेंट कोस्टा नई दिल्ली पहुंचे।

## बजट 2026-27: सीमा शुल्क में बदलाव, विशेष रियायतों की उम्मीद

# टीडीएस सरलीकरण प्रमुख उम्मीदों में शामिल

- वित्त मंत्री सीतारमण एक फरवरी को नौवां बजट पेश करेंगी

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को लोकसभा में लगातार अपना नौवां बजट पेश करेंगी। इस बार बजट से उम्मीद की जा रही है कि वैश्विक भू-राजनीतिक अनिश्चितता के बीच अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने के लिए सीमा शुल्क ढांचे में जीएसटी की तर्ज पर बड़े बदलाव और कई अन्य सुधार देखने को मिल सकते हैं।

बजट में कर्ज और जीडीपी के अनुपात को कम करने पर भी ध्यान दिया जा सकता है, क्योंकि अब भारत का राजकोषीय प्रबंधन केवल घाटे को संभालने के बजाय कर्ज के बोझ को कम करने की दिशा में बढ़ रहा है। व्यक्तिगत करदाताओं के लिए, जिन्हें पिछले साल 12 लाख रुपये तक की आयकर छूट और बाद में जीएसटी दरों में कटौती से बड़ी राहत मिली थी, इस बार मानक कटौती यानी स्टैंडर्ड डिडक्शन में और बढ़ोतरी की उम्मीद है। उद्योग जगत को उम्मीद है कि एक अप्रैल से लागू होने वाले नए और सरल आयकर अधिनियम 2025 के बारे में बजट में स्पष्ट नियम और दिशानिर्देश जारी किए जाएंगे। नई कर व्यवस्था को आकर्षक बनाने के लिए कुछ नए प्रोत्साहन दिए जा सकते हैं, ताकि अधिक लोग पुरानी व्यवस्था को छोड़कर नई व्यवस्था को अपनाएं। इसके साथ ही टीडीएस की विभिन्न श्रेणियों और दरों को कम करके उन्हें और सरल बनाया जा सकता है। सीमा शुल्क व्यवस्था में सुधार के तहत दरों को कम करने और प्रक्रियाओं को सरल बनाने पर जोर दिया जा सकता है। साथ ही विवादों में फंसे लगभग 1.53 लाख करोड़ रुपये को सुलझाने के लिए एक माफी योजना भी लाई जा सकती है। रक्षा क्षेत्र के लिए बजट आवंटन बढ़ने की संभावना है, क्योंकि वैश्विक स्तर पर तनाव की स्थिति बनी हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 'विकसित भारत - रोजगार और आजीविका मिशन' के तहत केंद्र और राज्यों की भागीदारी वाली एक नई योजना के लिए भी बजट का प्रावधान किया जा सकता है।




**8वें वेतन आयोग की घोषणा की उम्मीद**

*सरकारी कर्मचारियों के लिए 8वें वेतन आयोग की घोषणा की उम्मीद है, जिसे एक जनवरी 2026 से लागू किया जा सकता है। राज्यों को मिलने वाले करों के हिस्से में भी 16वें वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुसार बढ़ोतरी हो सकती है। एमएसएमई क्षेत्र और रत्न-आभूषण तथा चमड़ा जैसे उद्योगों के लिए विशेष रियायतों की उम्मीद है। इसके अलावा लिथियम और कोबाल्ट जैसे महत्त्वपूर्ण खनिजों के खनन और प्रसंस्करण के लिए भी बजट में फंड दिया जा सकता है।*

### बेहद सस्ती होने वाली है मर्सिडीज और बीएमडब्ल्यू!

**नई दिल्ली।** फॉक्सवैगन, मर्सिडीज और बीएमडब्ल्यू जैसी कारों की कीमत में आने वाले दिनों में कमी हो सकती है। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत यूरोपीय संघ (EU) से आने वाली कारों पर लगने वाले टैक्स को काफी कम करने की योजना बना रहा है। अभी यह टैक्स 110% तक है, जिसे घटाकर 40% किया जा सकता है। यह भारत के बड़े कार बाजार को खोलने की दिशा में एक बड़ा कदम है। सूत्रों के मुताबिक भारत और यूरोपीय संघ के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट की घोषणा मंगलवार को हो सकती है।

मोदी सरकार ने यूरोपीय संघ के 27 देशों से आने वाली कुछ खास कारों पर तुरंत टैरिफ कम करने पर सहमति जताई है। इनमें वे कारें होंगी जिनकी कीमत 15,000 यूरो से ज्यादा है। दो सूत्रों ने रॉयटर्स को यह जानकारी दी है। समय के साथ यह टैक्स और कम होकर 10% तक घट जाएगा।

## भारत-चीन ने सोने की खरीद बढ़ा निकाला डॉलर का दिवाला

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

दुनिया की पांच सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक भारत के लिए बड़ा अहम बदलाव आया है। अमेरिकी ट्रेजरी बॉन्ड में भारत की हिस्सेदारी घटकर पिछले पांच वर्षों में सबसे निचले स्तर पर आ गई है। इस गिरावट का कारण आवश्यकता और रणनीतिक दोनों है।

रुपये का अवमूल्यन हुआ है, जिसके चलते पिछले वर्ष भारत का प्रदर्शन सबसे खराब रहा। दूसरा कारण विदेशी मुद्रा भंडार की संरचना में रणनीतिक बदलाव करना और अमेरिकी परिसंपत्तियों पर निर्भरता कम करना है।

### अमेरिकी बॉन्ड बाजार पर निर्भरता घटी

वास्तव में, दुनिया भर की अधिकांश अर्थव्यवस्थाएं विश्व के सबसे बड़े अमेरिकी बॉन्ड बाजार पर अपनी निर्भरता कम कर रही हैं। पिछले सप्ताह जारी अमेरिकी सरकार के आंकड़ों से पता चलता है कि भारत के दीर्घकालिक अमेरिकी ऋण घटकर लगभग 174 अरब डॉलर रह गए हैं। यह 2023 में दर्ज किए गए उच्चतम स्तर से 26% की भारी गिरावट है। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार, ट्रेजरी बॉन्ड अब देश के विदेशी मुद्रा भंडार का लगभग एक तिहाई हिस्सा हैं, जो एक साल पहले लगभग 40% थे।



## संक्षेप

### गणतंत्र दिवस पर जिलाधिकारी ने अपने आवास पर निराश्रित बच्चों के साथ भोजन कर मानवीय संवेदना के साथ साथ संरक्षण, स्नेह और सम्मान का दिया संदेश

अमन लेखनी समाचार

बलरामपुर/गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने मानवीय संवेदनाओं एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करते हुए ऐसे बच्चों के साथ समय बिताया, जिनके माता-पिता में से एक या दोनों इस दुनिया में नहीं हैं और जिनके लीगल गार्जियन स्वयं जिलाधिकारी हैं। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने अपने आवास पर 25 निराश्रित बच्चों को आमंत्रित कर उनके साथ सामूहिक रूप से भोजन (लंच) किया । जिलाधिकारी ने बच्चों से आत्मीय संवाद करते हुए उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य एवं भविष्य से जुड़े विषयों पर चर्चा की तथा उन्हें स्नेहपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया। सुरक्षित भविष्य की दिशा में ठोस पहल कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने सभी बच्चों को बाल विकास योजना एवं स्पॉन्सरशिप योजना के स्वीकृति पत्र प्रदान किए । साथ ही बच्चों को स्कूल बैग, पानी की बोतल एवं शैक्षणिक सामग्री भी वितरित की गई, जिससे उनकी शिक्षा को और अधिक प्रोत्साहन मिल सके। संवेदनशील प्रशासन का सशक्त संदेश जिलाधिकारी ने कहा कि समाज के ऐसे बच्चों को संरक्षण, सम्मान एवं अवसर प्रदान करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है, ताकि वे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें और राष्ट्र निर्माण में अपनी सार्थक भूमिका निभा सकें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री विकास कुमार, मुख्य विकास अधिकारी श्री हिमांशु गुप्ता, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), जिला प्रोबेशन अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### हत्या के प्रयास के अभियोग में वांछित दो अभियुक्तों को 24 घण्टे के अन्दर किया गया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

ललितपुर- अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, पुलिस महानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी, श्रीमान पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक जनपद ललितपुर कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली ललितपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0-96/2026 धारा- 352/109 बीएनएस व 3(1)द, के वांछित अभियुक्त आमिर पुत्र आविद खाँ उम्र करीब 19 वर्ष निवासी मुहल्ला गांधीनगर नईवस्ती थाना कोतवाली जिला ललितपुर 2-साहिल पुत्र अजय उर्फ जावेद उम्र करीब 18 वर्ष निवासी मुहल्ला गांधीनगर नईवस्ती थाना कोतवाली जिला ललितपुर हाल पता कस्वा व थाना पिपलानी विजली कालौनी जिला भोपाल म0प्र0 को नियमानुसार गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

# जनपद के सभी शासकीय संस्थानों में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। 26 जनवरी 2026 को देश का 77वां गणतंत्र दिवस पूरे हर्षोल्लास, गरिमा और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। जनपद न्यायालय, उन्नाव सहित विभिन्न शासकीय संस्थानों में भव्य कार्यक्रम आयोजित किए गए जिला पंचायत परिसर में जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह व अपर मुख्य जिला पंचायत अधिकारी ओम प्रकाश सिंह युवा भाजपा नेता शंशाक शेखर शनि सिंह ने झंडारोहण किया रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह द्वारा आयोजित मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने निर्धारित समय पर ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी व कर्मचारी रहे उपस्थित इसके पश्चात माननीय जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उन्नाव अनिल कुमार वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में समारोह आगे बढ़ा।माननीय उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशों के क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उन्नाव के तत्वावधान में सुबह 8:30 बजे ध्वजारोहण के उपरांत उपस्थित समस्त न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना एवं मूल कर्तव्यों की शपथ दिलाई गई।इस अवसर पर दीवानी न्यायालय उन्नाव के समस्त न्यायिक अधिकारीगण, उन्नाव बार एसोसिएशन के अध्यक्ष, महामंत्री, कार्यकारिणी सदस्य, कर्मचारीगण तथा पुलिस बल के जवान उपस्थित रहे। कार्यक्रम पूरी गरिमा, अनुशासन और संवैधानिक मूल्यों के साथ संपन्न हुआ। वहीं जनपद में शिक्षा विभाग द्वारा भी गणतंत्र दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा ध्वजारोहण किया गया,इस दौरान शिक्षकों एवं विभागीय कर्मचारियों ने राष्ट्र के प्रति निष्ठा का संकल्प लिया। प्रशासनिक स्तर पर जिलाधिकारी गौरांग राठी एवं पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश की सक्रिय भूमिका देखने को मिली पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश जी को जनपद उन्नाव में रहते हुए जनपद को उत्कृष्ट स्थान प्राप्त हुआ है इस कारण से उन्हें भी सम्मानित किया गया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया इसी के साथ कारागार अधीक्षक उन्नाव शिव पंकज सिंह जी द्वारा जिला कारागार परिसर उन्नाव में ध्वजारोहण कर कारागृह में बंद बंदियों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम समाहित किए गए अपने उत्कृष्ट कार्यो के लिए कारागार अधीक्षक महोदय को सम्मानित भी किया गया और सभी कर्मचारी एवं बंदियों को को लड्डू भी खिलाएं गए कारागार के सभी अधिकारी व कर्मचारी रहे उपस्थित।इस वर्ष 77वें गणतंत्र दिवस की थीम वंदे मातरम रखी गई है, जो देश की एकता, अखंडता और संविधान के मूल आदर्शों को दशार्ती है। यह गणतंत्र दिवस लोकतांत्रिक मूल्यों की मजबूती का संदेश देता है।

# द्वितीय सत्र की परीक्षा हुई शुरू ,प्रथम पाली में हिंदी व द्वितीय पाली में संस्कृत का पेपर

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर,उन्नाव। बेसिक शिक्षा परिषद में अध्ययन कर रहे छात्रों के शैक्षणिक प्रगति का मूल्यांकन करने के उद्देश्य से प्रारम्भ हुई द्वितीय सत्र की परीक्षाओं में आज कक्षा छह,सात और आठ में प्रथम पाली में हिंदी और द्वितीय पाली में संस्कृत के पेपर हुएइस दौरान विद्यालयों में बड़ी संख्या में छात्र पेपर हल करते दिखेवहीं दूसरी ओर कक्षा एक और दो के बच्चों का निपुण आकलन होना भी आज से शुरू हो गया है विभागीय अधिकारियों के अनुसार सत्र परीक्षाओं के माध्यम से ये आकलन किया जाएगा कि बच्चों ने अब तक पढ़ाए गए पाठ्यक्रम को कितनी अच्छी तरह समझा है और उनकी सीखने की स्थिति कैसी हैइसी आधार पर आगे की शैक्षणिक योजना तैयार की जाएगी

कम्पोजिट स्कूल रनियाँमऊ के शिक्षक अमित तिवारी ने बताया कि सत्र परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के बाद कमजोर विद्यार्थियों को चिन्हित कर उन्हें विद्यालय स्तर पर अतिरिक्त शैक्षणिक सहयोग प्रदान किया जाएगो बीइओ अनीता साह ने बताया परीक्षाएं शासन के निदेर्शानुसार सुचारू रूप से कराइ जा रहीं हैंपरीक्षा के बाद छात्रों के रिजल्ट के आधार पर आवश्यकतानुसार शिक्षण व्यवस्था को और बेहतर बनाया जाएगो

बीएसए शैलेश पांडेय ने बताया कि निपुण आकलन हेतु विस्तृत आदेश विभाग द्वारा जारी कर दिये गये हैंयह आकलन एप्प के माध्यम से ऑनलाइन किया जाएगा जो फरवरी तक पूरा होगा।

# खड़े ट्रक से टकराई कार, पति-पत्नी घायल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। सोमवार देर शाम आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर एक तेज रफ्तार कार खड़े ट्रक से टकरा गई।थाना बेहटा मुजावर क्षेत्र के गांव खभौली के सामने 242 किलोमीटर पर इस हादसे में लखनऊ के इंदिरा नगर निवासी विशाल चौहान (50) और उनकी पत्नी रीति (45) घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, विशाल चौहान अपनी ससुराल ग्वालियर से लखनऊ लौट रहे थे। आगरा की तरफ से आ रही उनकी कार एक्सप्रेस-वे पर खड़े एक ट्रक के पिछले हिस्से में जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही यूपीडा की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने घायल दंपति को तत्काल सीएचसी बांगरमऊ भिजवाया। वहीं, क्षतिग्रस्त कार को क्रेन की मदद से सड़क के किनारे




हटाया गया। घायल दंपति में से पत्नी की हालत गंभीर बताई जा रही है।उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए लखनऊ के ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया है।

# सी ई एल टीम द्वारा नवनिर्मित नवजात शिशु देखभाल इकाई का गहन निरीक्षण किया गया

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रोग नियंत्रण एवं उन्मूलन दल ( सीईएल टीम ) द्वारा नवनिर्मित नवजात शिशु देखभाल इकाई का गहन निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान टीम के सदस्य सत्य प्रकाश शुक्ला व विरल शाह ने अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं, उपकरणों, दवाओं की उपलब्धता, स्वच्छता तथा चिकित्सकीय सेवाओं की गुणवत्ता का जायजा लिया। टीम ने मां व नवजात देखभाल गहन इकाई को विशेष दक्षता केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

सीईएल टीम ने कहा कि मां और नवजात शिशु के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए एमएनसीयू की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके लिए प्रशिक्षित स्टाफ की उपलब्धता, आधुनिक उपकरणों का नियमित रखरखाव, समय-समय पर प्रशिक्षण तथा सतत निगरानी आवश्यक है।टीम ने नवजात शिशुओं की देखभाल में संक्रमण नियंत्रण, तापमान प्रबंधन, पोषण और आपात सेवाओं को और मजबूत करने पर विशेष जोर दिया।

टीम के सदस्यों ने निरीक्षण के दौरान यह भी कहा कि गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य की निरंतर मॉनिटरिंग से मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सकती है। सीईएल टीम ने अस्पताल प्रशासन को हर संभव तकनीकी और मार्गदर्शक सहयोग देने का आश्वासन दिया। अस्पताल के चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने भी सुझावों को अमल में लाने की प्रतिबद्धता जताई। इस मौके पर चिकित्सा अधीक्षक मुकेश कुमार सिंह सहित समस्त संबंधित स्टाफ मौजूद रहा।

# बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा विशेष जागरूकता अभियान रैली का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव।गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा विशेष जागरूकता अभियान रैली का आयोजन किया गया। तहसील परिसर से रैली को उप जिला अधिकारी बृजमोहन शुक्ला एवं तहसीलदार साक्षी राय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।यह आयोजन बांगरमऊ खंड शिक्षा अधिकारी देवेंद्र सिंह, गंज मुरादाबाद खंड शिक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार एवं फतेहपुर चौरासी खंड शिक्षा अधिकारी विनय कुमार के निर्देशन में किया गया।रैली के माध्यम से ए आर पी राजकुमार द्विवेदी एवं अनुज विश्वकर्मा द्वारा निपुण भारत मिशन, बाल वाटिका, डिजिटल शिक्षा, डी बी टी के माध्यम से यूनिफॉर्म, जूते, मोजे आदि के वितरण, बालिका शिक्षा, ऑपरेशन कायाकल्प, दीक्षा ऐप, निशुल्क पाठ पुस्तक, मिड डे मील आदि योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। तहसील परिसर से गंज मुरादाबाद होते हुए ब्लॉक संसाधन केंद्र हफीजाबाद में रैली का समापन हुआ।रैली में ए आर पी राजकुमार द्विवेदी, अनुज विश्वकर्मा, रामसनेही कनौजिया शिक्षक रजनीश कटियार, सेविना दीक्षित, मीनू जैसवार,अतुल वर्मा, पुनीत वर्मा एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी खेमराज सिंह, अजय सिंह, आसाराम, श्लोक बाजपेई, अलकाफ, धीरज, मनीष वर्मा सहित सैकड़ो बच्चे उपस्थित रहे।

# गणतंत्र दिवस पर सनराइज मॉडर्न पब्लिक स्कूल में बच्चों द्वारा हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

अमन लेखनी समाचार



गरौठा। गरौठा में गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर नगर में संचालित विद्यालय सनराइज मोडर्न पब्लिक स्कूल में नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी गई साथ ही विद्यालय के संचालक डॉ रणजीत सिंह के द्वारा मुख्य अतिथि एवं नगर के समस्त पत्रकार बंधुओं का शाल एवं श्री फल देकर सम्मानित किया।रणजीत सिंह ने कहा की विद्यालय का संचालन करने का मेरा एक ही मकसद है कि आज के बच्चों में उचित शिक्षा और देश प्रेम की भावना जागृत कर सकूं उन्होंने कहा यह बच्चे हमारे देश का भविष्य है आज महापुरुषों के पद चिन्हों पर चलकर एक दिन यही बच्चे देश का नाम रोशन करेंगे। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे वन क्षेत्राधिकारी बामौर अवधेश प्रताप सिंह बुंदेला द्वारा ध्वजारोहण किया गया तत्पश्चात नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के प्रतिभा शाली बच्चों को मुख्य अतिथि के द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया एवं उपस्थित रहे कमलेश वावू ने मिष्ठान वितरण कर सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के सामरिक पर विवेक वावू , गजेन्द्र प्रताप सिंह वन दरोगा, प्रधानाचार्य अविनाश कुशवाहा, आशीष कुशवाहा,ताज अली, रक्षा यादव,बर्षा आदि सहित समस्त शिक्षक एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# श्री रामराजा ज्योतिष केंद्र का संगीतमय सुंदरकांड के साथ हुआ शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार




गुरसरांय ।श्री राम राजा सरकार सुंदरकांड समिति के बीस वर्ष पूर्ण होने पर श्री राम राजा सरकार ज्योतिष केंद्र का उदघाटन मैहर घराने के प्रख्यात संगीतगुरु पं परशुराम पाठक ने फीता काटकर किया ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों में क्षेत्रीय विधायक जवाहरलाल राजपूत, जिला पंचायत सदस्य शत्रुघन सिंह परिहार,महावीर शरण, गुड्डन महाराज मल्लरनाथ रामगढ़,पं आलोक कृष्ण शास्त्री, पं कैलाश शंकर राजौरिया उपस्थित रहे। अध्यक्षता संगीतगुरु पं परशुराम पाठक ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ संगीत मय सुंदरकांड से हुआ,जिसमें सीताराम, भानुप्रताप सिंह परिहार, दीवान सिंह,देवेंद्र घोष रानू तिवारी ,दिनेश अलबेला ने भाग लिया। ।पूजन नारायणदास कुचवार ने कराया ।इसके बाद अतिथि मेजर अखिलेश पिपरैया ने संबोधित करते हुए कहा कि राम राज्य की स्थापना रामराज्य की आराधना से शुरू होती है ।रामराजा सरकार ज्योतिष केंद्र से लोगों को आध्यात्मिक ज्ञान की दिशा प्रशस्त होगी ।इसके अलावा विश्व हिंदू परिषद के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रसिद्ध नारायण सिंह यादव ने भी संबोधित किया। इसके बाद नगर के वरिष्ठ शिक्षाविद, संगीतकार, साहित्यकार, गरौठा, गुरसरांय ,टहरौली,ककरबई सहित क्षेत्र के पत्रकारों का सम्मान भानुप्रताप परिहार एवं सीताराम सर द्वारा किया गया। संचालन घनेन्द्र परिहार ने किया ।अंत मे आभार व्यक्त भानुप्रताप सिंह परिहार ने किया ।इस मौके पर पूर्व चेयरमैन पं देवेश पालीवाल,के के तिवारी, कैलाश प्रकाश गुप्ता, चंद्रप्रकाश चौरसिया,ओ पी शर्मा, शिवकुमार तिवारी,रामबाबू शर्मा, ठाकुरदास तिवारी,गुढ़ा प्रधान चंद्रभान सिंह परमार,खड़ौरा प्रधान मनोज यादव,चंद्रशेखर व्यास,भारतेंदु बुंदेला, विनय दुवे,रामकुमार सिंह परिहार ,सत्यप्रकाश द्विवेदी, डॉ सुकदेव व्यास,सरजू शरण पाठक, विवेक बरसैया,शिशुपाल सिंह सरस,सोम मिश्रा,अनिल शर्मा,प्रदीप शर्मा, हेमन्त यादव ,राजकुमार मिश्रा,कल्लू वर्मा ,राजेंद्र बुंदेला , रिंकू यादव ,दीपक यादव, निर्दोष राजपूत,राजकुमार तिवारी, बलराम पटेल,राजेश अग्रवाल,अनिल तिवारी, ,सुनील कुमार व्यास,विनय पटेल,पंकज कुशवाहा, विनय पस्तोर, अरविंद वर्मा आदि का सम्मान किया गया।

# उच्च प्राथमिक विद्यालय कचीर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 77 वाँ गणतंत्र दिवस




अमन लेखनी समाचार

गरौठा। बामौर ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय कचीर में 77 वाँ गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया। सर्व प्रथम विद्यालय के बच्चों द्वारा ग्राम में प्रभात फेरी निकाली गई। तत्पश्चात प्रधानाचार्य अरविंद्र कुमार गुप्ता द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र पंचायत सदस्य हेमन्त यादव मौजूद रहे। मां सरस्वती एवं महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ।वही सरस्वती बंदना के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जिसमें बच्चों ने शानदार कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मिष्ठान वितरण के उपरांत कार्यक्रम का समापन कर दिया गया। इस मौके पर प्रधानाध्यक अरविंद कुमार गुप्ता, सहायक अध्यापक अनिल कुमार गुप्ता, भृगुनाथ पाल, अंजू देवी , आंगनबाड़ी कार्यकत्री आमना वानो, सफाई कर्मी सुरेंद्र कुमार सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं ग्राम के संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

# कोतवाली गरौठा अतर्गत ट्रैक्टरों द्वारा बालू का अवैध खनन जारी

### पूरी रात सड़कों पर दौड़ते अवैध बालू से भरे ट्रैक्टर,प्रशासन बना मूक दर्शक

अमन लेखनी समाचार

गरौठा। झांसी के गरौठा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत इन दिनों बालू का अवैध खनन रात के अंधेरे में खूब फल फूल रहा है।जहां प्रदेश सरकार अवैध कार्यों को लेकर सख्त रवैया अपना रही है तो वहीं शाम होते ही कई बालू से भरे दर्जनों ट्रैक्टर सड़कों पर फरार्टे भरते नजर आते हैं। इतने बड़े पैमाने पर बालू का अवैध खनन होना तय करता है कि कहीं ना कहीं अधिकारियों एवं पुलिस की मिली भगत से अवैध खनन किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार कोतवाली में तैनात एक कारखास द्वारा सिस्टम मैनेजमेंट किया जाता है। गरौठा में बैठे उच्च अधिकारियों को भी इस



बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि इतने बड़े पैमाने पर हो रहे अवैध बालू खनन से राजस्व का कितना बड़ा नुकसान हो रहा है। खाना पूर्ति के नाम पर एक ट्रैक्टर पड़कर बाह-बाह लूटने का काम करते हैं। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद अब प्रशासन इन बालू माफियाओं पर क्या कार्रवाई करता है।

# एसडीपीएस इंटरनेशनल स्कूल में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

अमन लेखनी समाचार



ललितपुर- एसडीपीएस इंटरनेशनल स्कूल में भारत के 77वें गणतंत्र दिवस का भव्य आयोजन देशभक्ति, अनुशासन और सांस्कृतिक गरिमा के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चेयरमैन कमलेश चौधरी रहे। इस अवसर पर निदेशक विकास चौधरी एवं निदेशक गौरव चौधरी उपस्थिति रहे। विद्यालय परिसर तिरंगे की रंगत, देशभक्ति गीतों और विद्यार्थियों के उत्साह से गूंज उठा। कार्यक्रम की शुरूआत ध्वजारोहण से हुई। राष्ट्रगान के पश्चात विद्यार्थियों ने देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँदेशभक्ति नृत्य, समूह गान, भाषण एवं झांकियाँप्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। प्रस्तुतियों में संविधान के मूल्यों, स्वतंत्रता संग्राम के आदर्शों और समकालीन भारत की प्रगति को प्रभावशाली ढंग से दशार्या गया। मुख्य अतिथि चेयरमैन कमलेश चौधरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि गणतंत्र दिवस हमें हमारे संविधान, अधिकारों और कर्तव्यों की याद दिलाता है। सच्चा राष्ट्रनिर्माण तभी संभव है जब युवा पीढ़ी सत्य, अनुशासन, समानता और न्याय के मार्ग पर चलकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाए। उन्होंने विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों के साथ शिक्षा ग्रहण करने और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का संदेश दिया। निदेशक विकास चौधरी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि आज का विद्यार्थी ही कल का भारत है। शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान देना नहीं, बल्कि जिम्मेदार, संवेदनशील और नवाचारी नागरिक तैयार करना है। उन्होंने विद्यालय द्वारा अपनाई जा रही मूल्य-आधारित शिक्षा और समग्र विकास की पहल पर प्रकाश डाला। समारोह के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण, अभिभावक एवं छात्र-छात्राओं ने मिलकर इस राष्ट्रीय पर्व को गौरवपूर्ण और यादगार बनाया। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि एसडीपीएस इंटरनेशनल स्कूल न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता, बल्कि राष्ट्रनिर्माण के मूल्यों को भी सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है।

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**मतीन अहमद मेकरानी**
समाजसेवी
आदर्श नगर पंचायत रुपईडीहा बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**खेशाल फारुकी (हीरु भाई)**
सदर सीरत कमेटी
रुपईडीहा सदस्य उद्योग व्यापार प्रतिनिधि
मंडल रुपईडीहा जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**मोहम्मद अकरम**
समाजसेवी व कस्टम क्लीयरिंग एजेंट
रुपईडीहा जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**अब्दुल माजिद अंसारी**
प्रोपराइटर हिमालय लाइटहाउस
अध्यक्ष: मोहर्रम चेहल्लुम कमेटी
रुपईडीहा जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**भाई मोहम्मद जुबेर फारुकी**
प्रोपराइटर नूर किराना स्टोर
पूर्व प्रधान: रुपईडीहा जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**मोहम्मद शाहबाज असलम**
समाजसेवी
रुपईडीहा जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**फरीद अहमद फारुकी**
सहायक अध्यापक
प्राथमिक विद्यालय रुपईडीहा
नवाबगंज जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं


**श्रीमती आलिया खातून**
प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय
रुपईडीहा
विकासखंड नवाबगंज जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**डॉ0 उमाशंकर वैश्य**
अध्यक्ष
नगर पंचायत रुपईडीहा, बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**डॉ0 अश्वनी कुमार वैश्य**
चेयरमैन प्रतिनिधि
नगर पंचायत रुपईडीहा, बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**राम सूरत**
प्रधान
अलहियापुर
विकासखंड कैसरगंज जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**राजेंद्र सिंह**
प्रधान
चुल्म्भा
विकासखंड कैसरगंज जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**सुनील कुमार**
सचिव
बी पैक्स
रुकनापुर खुर्द
कैसरगंज, बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**पप्पू**
प्रधान
साथा
विकासखंड कैसरगंज जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**योगेश यादव**
ग्राम पंचायत अधिकारी
विकासखंड कैसरगंज जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**आनंद यादव**
विधायक
कैसरगंज जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**अताउर्रहमान**
प्रो: कारी ट्रेडर्स
रुकनापुर बाजार कैसरगंज जनपद
बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**मोहम्मद कौसर**
पत्रकार
अमन लेखनी (हिंदी दैनिक)
रुपईडीहा जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**आलोक सैनी**
प्रधान
जिगिनिया महिपाल सिंह
ब्लाक हुजूरपुर बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**मंसाराम मौर्य**
प्रधान
पिपरिया महिपाल सिंह
ब्लाक हुजूरपुर, बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**राधेश्याम यादव**
प्रधान
जिगनिया छत्रपाल सिंह
ब्लॉक हुजूरपुर, बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**प्रज्ञा यादव**
सब रजिस्ट्रार
कैसरगंज, बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**विजय कुमार सिंह रैकवार**
पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष
बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**सचिन श्रीवास्तव**
नायब तहसीलदार
कैसरगंज, बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**मीना गोंड**
तहसीलदार
कैसरगंज, बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**डॉक्टर कासिम खान**
कैसरगंज जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**डॉक्टर हामिद खान**
लखनऊ हॉस्पिटल
कैसरगंज जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**अखिलेश कुमार सिंह**
उपजिलाधिकारी
कैसरगंज जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**डी के श्रीवास्तव**
पुलिस क्षेत्राधिकारी
कैसरगंज जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**डाक्टर पंकज वर्मा**
डायरेक्टर: न्यू सनराइज
हास्पिटल एंड ट्रामा सेन्टर
मिहींपुरवा जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**अमर सिंह**
प्रभारी
कृषि कल्याण केंद्र बलहा
जनपद बहराइच

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**विजय कुमार मिश्रा**
वन क्षेत्राधिकारी
रेंज चकिया जनपद बहराइच